चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 314, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 14 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# छत्तीसगढ़: विष्णुदेव साय ने सीएम पद की, अरुण साव और विजय शर्मा ने डिप्टी सीएम पद की ली शपथ

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ में प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में विष्णुदेव साय ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। इसी के साथ विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री बन गए हैं। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव एवं विजय शर्मा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा विशेष रूप से मौजूद थे।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव एवं विजय शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व सांसद ओम माथुर सहित अन्य





जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने किया।

**कितनी दौलत है?**

हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले की कुनकुरी (एसटी) सीट से नामांकन दाखिल किया था। 59 वर्षीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने शपथ पत्र में कुल 3.8 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई है। चार बार सांसद रहे विष्णुदेव ने 2014 के लोकसभा चुनाव में कुल 2.15 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति बताई थी। इस तरह से बीते नौ साल में उनकी संपत्ति में करीब 1.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। उनके दोनों सहयोगियों की बात करें तो अरुण साव ने 2023 के चुनावी हलफनामे में कुल 1.65 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति बताई है। बीते चार साल में उनकी संपत्ति में 30 लाख का इजाफा हुआ है। 2019 लोकसभा में उन्होंने हलफनामे में कुल 1.35 करोड़ की सपत्ति बताई थी। वहीं, दूसरे डिप्टी सीएम विजय शर्मा की सपत्ति भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कम जबकि साथी उप-मुख्यमंत्री के मुकाबले ज्यादा है। शर्मा ने 2023 के चुनावी हलफनामे में अपनी कुल संपत्ति 1.99 करोड़ रुपये बताई है।

**घटती बढ़ती रही है मुख्यमंत्री की कमाई**

कमाई की बात करें तो 2018-19 में नए मुख्यमंत्री की कुल कमाई 9.59 लाख रुपये थी। अगले वित्त वर्ष में उनकी कमाई में कमी आई। 2019-20 में ये घटकर 9.15 लाख रुपये हो गई।

2020-21 में विष्णुदेव साय की कमाई में इजाफा हुआ और ये 12.73 लाख रुपये हो गई। वहीं, 2021-22 में मुख्यमंत्री की कमाई में भारी कमी हुई और ये घटकर 5.75 लाख रुपये रह गई। 2022-23 में इसमें काफी बढ़ोतरी हुई और ये 10.11 लाख रुपये हो गई।

**मुख्यमंत्री की पत्नी की आय**

विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय की कमाई 2018-19 में 2.37 लाख रुपये थी। अगले वित्त वर्ष 2019-20 में उनकी कमाई बढ़ी और यह 3.43 लाख रुपये हो गई। हलफनामे के अनुसार, 2020-21 में कौशल्या साय को 3.25 लाख रुपये की कमाई हुई। वहीं, 2021-22 में मुख्यमंत्री की पत्नी की कमाई में कमी आई और ये 3.19 लाख रुपये रह गई। 2022-23 में कौशल्या साय को थोड़ा लाभ हुआ और यह 3.81 लाख रुपये रही।

**इतनी है नकदी**

शपथ पत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि उनके पास 3.50 लाख रुपये नकदी के रूप में हैं। उनकी पत्नी के पास 2.25 लाख रुपये नकद हैं। विष्णुदेव साय, पत्नी कौशल्या साय और आश्रितों के कुल आठ बैंक खाते हैं। इन खातों में कुल 35 लाख रुपये जमा हैं। वहीं, 1.10 लाख रुपये बीमाओं की प्रीमियम के रूप में जमा है।

**दो ट्रैक्टरों के मालिक हैं मुख्यमंत्री**

हलफनामे के मुताबिक खुद मुख्यमंत्री के नाम पर दो ट्रैक्टर हैं, जिनकी कीमत क्रमशः छह लाख रुपये और पांच लाख रुपये बताई गई है। मुख्यमंत्री के पास गहने के रूप में 450 ग्राम सोना, दो कोलीग्राम चांदी और पांच रत्ती हीरे की अंगूठी है। वहीं, पत्नी कौशल्या साय के पास 200 ग्राम सोना और तीन किलो ग्राम चांदी है, जिनकी कुल कीमत 12 लाख रुपये है।

**रिवॉल्वर और बंदूक भी रखते हैं विष्णुदेव**

नए मुख्यमंत्री अपने पास एक रिवॉल्वर भी रखते हैं। इसके अलावा दो बोर वाली एक बंदूक है। इस तरह से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास कुल 1.12 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है। इसमें से खुद सीएम के नाम 64.55 लाख रुपये, पत्नी कौशल्या साय के नाम 25.62 लाख रुपये और आश्रितों के नाम करीब 18 लाख रुपये की चल संपत्ति है।

**21 जगह खेती की जमीन**

सीएम, पत्नी कौशल्या और आश्रितों के नाम 21 जगह खेती की जमीन है, जिनकी कुल कीमत 58.43 लाख रुपये बताई गई है। मुख्यमंत्री के नाम पर तीन गैर खेतिहर जमीन हैं, जिनकी कुल कीमत 27.21 लाख रुपये है। कौशल्या साय के नाम एक वाणिज्यिक भवन है, जिसकी कीमत 27.21 लाख रुपये बताई गई है।

इसके अलावा विष्णुदेव साय और पत्नी के नाम दो रिहायशी मकान हैं, जिनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपये है। इस प्रकार से विष्णुदेव साय 3.80 करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक हैं। वहीं विष्णुदेव के नाम पर 65.81 लाख की देनदारियां भी हैं।

**कमाई का जरिया क्या है?**

विष्णुदेव साय किसानी से होने वाली कमाई को अपनी आमदनी का जरिया बताया है। विष्णुदेव साय ने 1981 में लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल, कुनकुरी माध्यमिक शिक्षा मंडल एम.पी. से 11वीं की पढ़ाई की।

## महादेव ऐप का प्रमोटर रवि उप्पल दुबई में गिरफ्तार, ईडी भारत लाने की कोशिश में

**नई दिल्ली।** महादेव ऑनलाइन सट्टेबाज ऐप के दो मुख्य प्रमोटरों में एक रवि उप्पल को दुबई में स्थानीय पुलिस ने कल गिरफ्तार कर लिया। उप्पल को जल्द ही भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। ईडी रवि उप्पल को भारत प्रत्यर्पित कराने के लिए यूएई के अधिकारियों के संपर्क में है।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अवैध सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित रवि उप्पल को दुबई में गिरफ्तार किया गया है। दुबई पुलिस ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर रवि उप्पल को हिरासत में लिया है। ईडी रवि उप्पल को भारत प्रत्यर्पित कराने का प्रयास कर रही है। ईडी के अधिकारी दुबई के अधिकारियों के संपर्क में हैं।

उल्लेखनीय है कि सितंबर में ईडी ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप को लेकर बड़ी कार्रवाई की थी। इस मामले में जांच एजेंसी ने मुंबई, कोलकाता, भोपाल सहित करीब 39 ठिकानों पर छापेमारी कर 417 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। छत्तीसगढ़ निवासी रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रमोटर हैं। चंद्राकर भी ईडी के रडार पर है।

## जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराए केंद्र : फारूक अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराए जाने की केंद्र सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव न कराके केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर की जनता के साथ अन्याय कर रही है।

डा. अब्दुल्ला ने बुधवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से कहा कि बाकी राज्यों की तरह जम्मू-कश्मीर भी भारत का हिस्सा है। इसलिए यहां भी चुनाव होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मौजूदा सरकार के नियंत्रण में है। इसलिए राज्य में चुनाव नहीं हो पा रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव आयोग का स्वतंत्र रहना बेहद जरूरी है।


## संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर जवाब दें गृह मंत्री : खड़गे

**नई दिल्ली**

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बुधवार को संसद की सुरक्षा में आज एक बड़ी चूक हुई है। यह एक गंभीर मामला है। केन्द्रीय गृह मंत्री को दोनों सदनों में इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए।

खड़गे ने आज राज्यसभा में आसन के माध्यम से मांग करते हुए कहा, ह्यह्यहम चाहते हैं गृह मंत्री अमित शाह संसद के दोनों सदन में मुद्दे पर जवाब दें।

उन्होंने कहा कि यह प्रश्न है कि इतनी सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच



कैसे दो लोग अंदर आए और लोक सभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद कर गैस स्प्रे तथा नारेबाजी करने लगे? हम उम्मीद करते हैं कि सरकार इस पूरे मुद्दे को गंभीरता से लेगी। हम पूरी घटना की गहन जांच की मांग करते हैं।

इस मुद्दे पर सभापति ने अपने जवाब में कहा कि लोकसभा दर्शक दीर्घा में घुसपैठ करने वालों को तुरंत पकड़ लिया गया था। मामले की जांच की जा रही है। परिणाम आते ही वह सदस्यों को सूचित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि आज लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो युवक दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए। इस दौरान दोनों युवकों ने नारेबाजी की और रंगीन गैस का स्प्रे किया। इससे संसद में धुआं फैल गया और लोकसभा अध्यक्ष को कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी थी।

## मप्र: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संभाला कार्यभार

**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए और पूजन अर्चन किया। इसके बाद उन्होंने भोपाल आकर मंत्रालय स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में विधिवत पूजा अर्चना के बाद कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, पूर्व मंत्री कुंवर विजय शाह, मुख्य सचिव वीरा राणा और अनेक वरिष्ठ अधिकारीगण सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



मंत्रालय पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्रालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री एंटी चैम्बर में पहली बैठक में मुख्य सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

## संसद में सुरक्षा चूक पर 'आप' ने मोदी सरकार को घेरा



**नई दिल्ली,**

संसद के शीतकालीन सत्र के 8वें दिन लोकसभा की कार्यवाही के दौरान संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक देखी गई। अचानक ही शून्यकाल के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़कर लोकसभा में दर्शक दीर्घा से दो शख्स कूद गए। फिलहाल, दोनों शख्स से दिल्ली पुलिस व अन्य जांच एजेंसियां पूछताछ कर रही है। वहीं, अब इस मामले पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। केजरीवाल ने कहा कि 2001 में आज के ही दिन संसद पर हुए हमले की बरसी और आज यह कृत्य हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। हमारे लोकतंत्र के मंदिर की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। हमलावर कौन थे, वे कैसे घुसे, उनका मकसद क्या था, इसका खुलासा करने के लिए तत्काल जांच जरूरी है। कार्रवाई त्वरित और सख्त होनी चाहिए। वहीं, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि भारत को अभी भी 2001 में हमारी संसद पर हुआ हमला याद है। आज का सुरक्षा उल्लंघन उस काले दिन की दर्दनाक गूंज है, जो उसकी बरसी पर घावों को फिर से खोल रहा है। यह सिर्फ उल्लंघन नहीं है, यह हमारे लोकतंत्र पर सीधा हमला है। अपराधियों का जल्द पदार्फाश करने के लिए तत्काल गहन जांच की आवश्यकता है। हमारी संसद हमारे राष्ट्र के एक पवित्र प्रतीक के रूप में खड़ी है और अगर हमारे लोकतंत्र का यह मंदिर सुरक्षित नहीं है, तो क्या हो सकता है? हमें अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं की जमकर रक्षा करनी चाहिए।

## कारोबारी के घर पर रंगदारी के लिए की फायरिंग

**नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने हरियाणा के सोनीपत में छापा मारकर एक नाबालिग शूटर को पकड़ा है। इसने उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में बिल्डिंग मटेरियल के कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग की थी। इसके बाद रंगदारी की रकम की पर्ची फेंककर मौके से फरार हो गया था। यह वारदात पिछले महीने 30 नवंबर को हुई थी। उस मामले की छानबीन लोकल पुलिस कर रही थी और बदमाशों की धर पकड़ के लिए अपराध शाखा की टीम को लगाया गया था।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले की छानबीन शुरू की। बदमाश जिधर से आए थे और वारदात को अंजाम देने के बाद जिस रूट से भागे थे, उस रूट पर लगे सीसीटीवी की जांच शुरू की थी। उसके अलावा टेक्निकल सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की गई थी। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा गया की बाइक पर लड़के आए और घर के बाहर ओपन फायरिंग किया और पर्ची फेंक कर वहां से निकल गए. इस मामले की छानबीन कर रही पुलिस को स्पेसिफिक जानकारी मिल गई है। फायरिंग कर रंगदारी मांगने वाले हरियाणा के सोनीपत में है, फिर अपराध शाखा की पुलिस ने वहां छापामार कर शूटर को पकड़ा लिया।

## लोकसभा में दो व्यक्तियों ने विजिटर गैलरी से छलांग लगाई, कार्यवाही स्थगित




**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को लोकसभा गैलरी से दो व्यक्तियों ने छलांग लगा दी और वे वेल में आ गये। इसके बाद कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

# राजस्थान: भजनलाल शर्मा 15 दिसम्बर को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

### जयपुर के ऐतिहासिक अलबर्ट हॉल में होगा समारोह, प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह रहेंगे मौजूद

**जयपुर**

राजस्थान के मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 15 दिसंबर को जयपुर के ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल में सुबह सवा ग्यारह बजे शपथ लेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को आमंत्रण भेजा जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम के लिए भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण भेजा जा रहा है।

प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने बुधवार को बताया कि मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा भी शपथ लेंगे। 15 दिसंबर को ही भजनलाल शर्मा का जन्मदिन भी है। शपथ से पहले भजनलाल गिरिराज महाराज के दर्शन करने के लिए भरतपुर भी जाएंगे।

शपथ ग्रहण समारोह को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई बैठक के बाद इस समारोह को लेकर अलग-अलग नेताओं की जिम्मेदारियां तय की गईं। अल्बर्ट हॉल के बाहर होने वाले समारोह में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। साथ ही अब नई सरकार के स्वरूप पर चचाएं चल रही हैं। विधायकों ने मंत्री बनने के लिए कोशिशें शुरू कर दी हैं। हालांकि, मंत्रिमंडल का शुरूआती स्वरूप कैसा होगा, इसको लेकर अलग-अलग कयास हैं।



**भजनलाल शर्मा और उनके परिवार को सरकारी गेस्ट हाउस में किया शिफ्ट**

प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है। सुरक्षा कारणों के चलते भजनलाल शर्मा और उनके परिवार को उनके फ्लैट से चंबल पावर हाउस के सरकारी गेस्ट हाउस में शिफ्ट किया गया है, जहां कड़े सुरक्षा इंतजाम किये गए हैं। सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री आवास में शिफ्ट होने तक भजनलाल शर्मा और उनका परिवार इसी गेस्ट हाउस में रहेंगे। 15 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह के बाद भजनलाल शर्मा सिविल लाइन्स स्थित सीएम आवास में शिफ्ट होंगे।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक पर बैठी महिला को रौंदा मौके पर दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा के लूतर पौसिया गांव के समीप अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार महिला को रौंद दिया। जिससे महिला की दर्दनाक मौत हो गई और बाइक चालक छिटक कर दूर जा गिरा। स्थानीय लोगों ने ट्रक का पीछा कर तीन किलोमीटर आगे खौर गांव में ट्रक को रोक लिया। जिसमें मौका पाकर ड्राइवर ट्रक छोड़कर भागने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस लिखापढ़ी में जुट गई। रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम करीब साढ़े छः बजे मेजा थाना क्षेत्र के करदहा गांव निवासी सुनीता देवी प्रजापति (40) पत्नी संतोष प्रजापति किसी काम से बाइक से अपने बेटे के साथ मेजारोड बाजार गई थी। वापसी में वह जैसे ही वह लूतर-भंड़या मार्ग पर लूतर व पौसिया दुबे गांव के समीप पहुंचे ही थे कि भटौती क्रशर प्लांट को तरफ जा रही अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे महिला ट्रक के नीचे जा गिरी और कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक छिटक कर दूर जा गिरा। सूचना पर मेजारोड पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक इश्तियाक अंसारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर लिखापढ़ी करने लगे। वहीं परिजन भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए। देखा जाए तो क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रकें काल बनकर दौड़ रहीं हैं और इन पर कोई लगाम नहीं है। ड्राइवर मनमानी से ट्रकों को आबादी क्षेत्र पर भी सड़कों पर तेज रफ्तार से जा रहे हैं।

## फांसी के फंदे से लटक कर विवाहिता ने दे दी जान



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बड़गांव में एक विवाहिता ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी मौत का कारण पता नहीं चल सका। बड़गांव थाना उतराव निवासी संतोष भारती जो मुंबई में रहकर प्राइवेट जॉब करके अपने परिवार भरण पोषण करता है। वहीं घर पर उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। बीती रात संतोष की पत्नी ज्योति भारती उम्र 25 वर्ष जो कमरे के अंदर लगे लोहे की रॉड में फांसी का फंदा बनाकर लटक गई और उसकी मौत हो गई। वही सुबह जब उठने में देरी हुई तो परिजन उसे जगाने के लिए गए तो दरवाजा बंद था तथा खिड़की से देखा तो उनके होश उड़ गए। शोरगुल हुआ ग्रामीण इकट्ठा हुए। सूचना पर मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका का मायका बमरौली बेगम बाजार धूमनगंज में था। वही पुलिस ने घटना की जानकारी मृतिका के पिता राजेश कुमार भारतीय को दिया। जहां मायके पक्ष के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंचे वही मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। मृतिका के दो बेटे तन्नय व तारुश है। मृतिका ज्योति भारती की मौत से ससुराल व मायके पक्ष के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## थाना परिसर से दो बाइकों की चोरी, चोरी का स्थान बदलने पर इंस्पेक्टर लाइन लाइन हाजिर

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना परिसर के अंदर एक दिसम्बर को दो बाइकों की चोरी की खबर छपने पर जांच गंगापार ने किया।जिसपर इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार कुशवाहा लाइन हाजिर हो गए। मऊआइमा थाना क्षेत्र में अंधाधुंध चोरियां और अनगिनत बाइक चोरियां आम बात थी। ताज्जुब तब हो गया जब थाना परिसर के अन्दर एक दिसम्बर को ग्राम कटराद्याराम निवासी मोहम्मद नौशाद पुत्र अब्दुल मजीद थाने के अन्दर बाइक खडी कर दरोगा जी से मिलने चले गए। इसी प्रकार सराय अतन उर्फ नौगिरा निवासी शिवसागर पुत्र स्वर्गीय तीर्थराज भी थाने में बाइक खडी कर जरूरी काम से चले गए। बताया गया है कि थोडी देर एक साथ दो बाइकों की थाना परिसर में से चोरी की घटना चर्चा बन गया।आरोप है कि मामला अखबारों में प्रकाशित होने तथा एफआईआर में थाना परिसर के स्थान पर चोरी न देखा कर बाहर देखाने पर सारे प्रकरण की जांच डीसीपी गंगापार अभिषेक भारतीय ने जांच की तो सच्चाई सामने आ गयी।और इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार कुशवाहा दोषी ठहराए जाने पर बुधवार को लाईन हाजिर कर दिया गया।


## न्यूज झरोखा

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**करछना।** विकास खंड करछना के पुरैनी गांव में जन कल्याण हेतु संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा सप्ताह बुधवार से आचार्य लोगों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोचार के साथ वेदी पूजन से शुरू हुआ। जिसमें गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त लोग शामिल रहे। महिलाएं शामिल रही सिर पर कलश रखकर भक्त लोग व महिलाएं समूहे गांव की सुमांगलिक भक्ति गीतों के साथ परिक्रमा की। कथावाचक के रूप में कथा व्यास ज्योतिष मार्तंड भागवत भूषण ब्रह्मर्षि उपेंद्र जी महाराज ने लोगों को बताया कि कलश यात्रा में जो नर- नारी शिरकत कर पैदल चलते हैं। उन्हें कई तीर्थों के बराबर पुण्य फल की प्राप्ति होती है। कथा के मुख्य श्रोता यजमान भगौती दीन पांडेय की ओर से कथा व्यास सहित आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर के अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर देवी दीन पांडेय ,कृष्णकांत पांडेय ,आलोक पांडेय ,अनिल पांडेय ,डॉ रविंद्र पांडेय ,चंद्रकांत पांडेय ,रामकृष्ण, रवि शंकर, धीरज, सूरज ,अंशु, ,अनुभव शिवाधन, माधव सहित आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

### वरिष्ठ समाजसेवी श्यामाकांत शुक्ला ( लहरी भैया ) बने ऊं कारम कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**मेजा।** वरिष्ठ समाजसेवी श्यामाकांत शुक्ला उर्फ लहरी भइया के सामाजिक उपलब्धियों को देखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संस्था ऊं कारम की कोर कमेटी द्वारा उन्हें संस्था का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश के प्रभारी का भी दायित्व सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि लहरी भइया को उक्त जिम्मेदारी देकर कमेटी ने उम्मीद जाहिर किया है कि समाजसेवी श्री शुक्ल अन्तर्राष्ट्रीय संस्था ऊं कारम को एक नई ऊंचाई तक ले जाएंगे और इस संस्था के जरिए देश की सेवा में उत्कृष्ट योगदान करेंगे। गौरतलब है कि विश्व प्रसिद्ध भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा और बॉलीवुड कलाकार नबारुं न चटर्जी ने देश विदेश में अपने सनातन धर्म अपनी संस्कृति अपनी सभ्यता एवं संस्कारों के प्रचार प्रसार के लिए ऊं कारम नामक एक अंतरराष्ट्रीय समामाजिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था बनाई है जो देश के साथ साथ विदेश में कंबोडिया कनाडा आस्ट्रेलिया ने पाल श्रीलंका तथा साउथ अफ्रीका में तरह तरह के संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा हिन्दू सनातन धर्म और सनातन संस्कृति का संरक्षण व प्रचार प्रसार करती है।

### नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की



**सहसों।** गुलालपुर गांव में मुख्य यजमान वेद मणि तिवारी प्रबंधक एवं शिव प्रकाश तिवारी प्रधानाचार्य के संयोजन में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा व्यास श्री अभयेश्वर प्रपंचाचार्य जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, श्रीराम जन्म, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन प्रसंग की कथा का विस्तार से सजीव वर्णन किया और कथा व्यास द्वारा सुंदर प्रसंग सुनकर पंडाल में सभी कथा रसिक श्रोता भक्त नर नारी भावविभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि कलयुग में भगवत कथा सुनने से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्म जन्मांतर के पापों का अंत भी होता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण पूर्ण रूप से भगवान विष्णु के अवतार थे। परम ब्रह्म का प्राकट्य मथुरा के कारागार में हुआ भगवान की माया से राजकुमार वसुदेव ने एक टोकरी/सूप में लेकर यमुना नदी को पार कर यशोदा मां के पास छोड़ जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की किलकारी सुन माता यशोदा एवं नंद बाबा ने अति प्रसन्न होकर सारे ग्वाल वालों के साथ बड़ी ही धूमधाम से जन्मोत्सव मानते हैं। सारे ग्वालवाल गोपियों के साथ नंद बाबा की जय जयकार करते हुए "नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की," सुंदर मंगल गीत गाते भगवान का प्राकट्य उत्सव मनाया। आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर डॉ प्रयागराज तिवारी, डॉ रामदत्त तिवारी, शिवदत्त तिवारी, आशुतोष तिवारी, वाचस्पति, डॉ सूर्य नारायण तिवारी, शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, चिंतामणि शुक्ला, अशोक कुमार पांडे, रवि द्विवेदी एवं राजू तिवारी सहित आदि कथा अनुरागियों ने सुंदर प्रसंग सुनकर आनंदित होते हुए उपस्थित रहे।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान मचो कोहराम

**करछना।** थाना क्षेत्र के कपूर का पूरा,तरौल गांव में शारदा प्रसाद (35) पुत्र मोहनलाल ने बुधवार सुबह उसने छत की रेलिंग से लटक कर अपनी जान दे दी।ग्रामीणों ने बताया कि युवक दो बच्चों का पिता है पत्नी से आपसी विवाद के चलते एक दूसरे से अलग रहते हैं। परिवार वालों ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उसका इलाज भी चल रहा था। वह अपने पत्नी के विवाद के कारण भी मानसिक रूप से परेशान था। वह घर पर ही रहता था उसके दो बेटे हैं।

### अखबार वितरक को मार पीट कर दबंगों ने छीना नकद

**मऊआइमा।** विभिन्न प्रकार का अखबार वितरण करने वाले अभिकर्ता को मार पीट कर दो युवकों ने इक्कीस सौ रुपए छीन लिए। देहलुपुर चौकी में तहरीर दी गई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम नेवादा रामनगर गंसियारी निवासी मुन्ना पुत्र धनराज विभिन्न प्रकार का अखबार लेकर साइकिल से वितरित करता है। मुन्ना का आरोप है कि बुधवार को सुबह मऊआइमा और प्रतापगढ़ सीमा से लगे देल्हूपुर के पास दो दबंग युवकों ने मार पीट कर इक्कीस सौ रुपए छीन लिए। भुक्तभोगी मुन्ना ने इसकी लिखित तहरीर देल्हूपुर पुलिस चौकी को दी है।

## नमामि गंगे जल जीवन मिशन टीम को बीडीओ ने दिखाई हरी झंडी




**करछना।** बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय करछना पर जल जीवन मिशन नमामि गंगे परियोजना के सदस्यों द्वारा मुख्यालय पर नुक्कड़ नाटक के जरिए जल जीवन मिशन की उपयोगिता के बारे में पंचायत में इसका सशक्तिकरण कराए जाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया तथा कार्यक्रम के पश्चात खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया भारत सरकार ने ग्राम पंचायत को 15 वें वित्त आयोग व महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा में अधिक अधिकार द्वारा? मजबूती प्रदान की है ग्रामीण परिवारों को पीने योग्य पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना और भी आवश्यक हो गया है जल जीवन मिशन 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा तथा ग्रामीण परिवारों को मिशन के माध्यम से नल से स्वच्छ पेयजल मिल रहा है पानी की व्यवस्था उपलब्ध होने से महिलाओं व किशोरियों को सबसे अधिक लाभ प्राप्त होगा उन्हें पानी लाने के लिए मिलो पैदल नहीं जाना पड़ेगा तथा इस विषय में विस्तृत जानकारी दी गई, इस मौके पर खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता , प्रधान संघ करछना के महा मंत्री धीतेश तिवारी, संतोष पाण्डेय पूर्व प्रधान मेडरा,पंचायत मणि शंकर त्रिपाठी मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला सोनू सिंह बृजेश द्विवेदी सचिव मनीष सिंह एडीओ आईएसबी उदयभान सहित ब्लॉक के कर्मचारी अधिकारी एवं प्रधान व क्षेत्रीय लोग रहे।



## ग्राम पंचायत पुरैनी हासिम पुर में प्रीमियर लीग 2023 आयोजित

**करछना।** हासिमपु प्रीमियर लीग 2023 का शानदार शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री सुरेश पाण्डेय जी द्वारा पूजा व फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस अवसर पर प्रतियोगिता के आयोजक धीरज पांडेय जी द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। उद्घाटन मैच हर्रई व सेमरहा ग्रामसभा की टीमों के बीच खेला गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री अशोक पांडेय कुंजबिहारी पांडेय लालबाबू पाण्डेय रामबाबू पटेल अवधेश पाण्डेय एडवोकेट , सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व? खिलाड़ी मौजूद रहे।

## ककरा दुवार्सा आश्रम में किसानों को किया गया जागरूक



**हनुमानगंज।** महर्षि दुवार्सा आश्रम, ककरा में दिनांक बुधवार को राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के वित्तीय सहयोग द्वारा (सी एस आई आर ) केंद्रीय औषधीय सगंध पौधा संस्थान, लखनऊ (सीमैप) ने एक दिवसीय जागरूकता एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके अंतर्गत क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को सुनकर उन्हें उन्नत फसल उत्पादन तथा प्रबंधन के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बी एस आई, प्रयागराज के वैज्ञानिक डॉ. विनय रंजय ने गंगा के तटीय क्षेत्रों में औषधीय एवं औषधीय महत्व वाले सुगंध पौधों को लगाने से गंगा में निरंतर बढ़ते प्रदूषण की कम करने तथा किसानों को इन पौधों की खेती से होने वाली अतिरिक्त आय में वृद्धि के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार, कमांडेंट आर ए एफ, प्रयागराज एवं इरफान अंसारी पुलिस अधीक्षक, विधि एवं सतर्कता, प्रयागराज ने कहा जिले में आयोजित इस प्रकार की गतिविधियों से किसानों में जागरूकता को बढ़ावा मिलगा साथ ही उनकी आय में वृद्धि भी लक्षित होगी। जिससे राष्ट्र के सतत विकास में हमारे किसानों का योगदान में काफी अहम भूमिका होगी। कार्यक्रम के दौरान सीमैप के मुख्य वैज्ञानिक डॉ बीरेंद्र कुमार ने जिले के चिन्हित गंगा ग्रामों के उत्थान एवं सौंदरीकरण हेतु संस्थान में राष्ट्रीय पादप बोर्ड द्वारा प्रायोजित परियोजना के विषय में जानकारी दी। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने औषधीय तथा औषधीय रूप से महत्वपूर्ण पौधों के पूर्व स्थाने संरक्षण पर प्रकाश डाला तथा वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने तुलसी तथा सुगंधित घासो की विभिन्न प्रजातियों की खेती एवम इससे संबद्ध कृषि प्रौद्योगिकी के विषय में जानकारी दी। वहीं, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश कुमार ने किसानों से औषधीय पौधों के विषय में चर्चा की। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ आर एस वर्मा ने औषधीय एवं औषधि रूप से महत्वपूर्ण सुगंधित पौधों द्वारा आश्वित सारभूत तेल की गुणवत्ता के विषय में किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सीमैप के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों में विभिन्न औषधीय तथा सगंध पौधों का वितरण किया गया तथा किसानों से उनकी कृषि संबंधित समस्याओं के विषय में चर्चा भी की गई।

# सोरांव के राम लीला मैदान पर बीजेपी की नीतियों को सुनने के लिए कस्बा वासियों की भारी भीड़




**सोरांव।** विकास खंड के ग्राम पंचायत सोरांव और अकारी पुर ग्राम पंचायत में बुधवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों संग कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जानकारी के अनुसार यह यात्रा विकास खंड के विभिन्न गांवों में पिछले लगभग बाइस दिनो से चल रही है और सरकार की नीतियों और कार्यों पर प्रकाश डाल रही है। कार्यक्रम के अतिथि विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी संग खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल रहे। तथा कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार संग सचिव मोहम्मद साकिब ने किया। वहीं ग्राम प्रधान मोहम्मद शाहिद अली और लाल चंद्र पटेल ने बताया कि गांवों के कायाकल्प के लिए और उन्हें आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के लिए शासन द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया गया है। ग्रामीणों को चाहिए कि वे योजनाओं की सम्यक जानकारी प्राप्त करते हुए उनका लाभ उठावें। तथा शासन की मंशा है कि आमजन को इन योजनाओं का लाभ पूरी शुचिता और पारदर्शिता के साथ दिया जाय। इस दौरान प्रभारी एडीओ पंचायत मुकेश मौर्य, पंचायत सहायक हर्ष श्रीवास्तव, रॉबिन केशरवानी, रूबी केसरवानी, आस्था अग्रवाल, रश्मि श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, आशीष कुमार श्रीवास्तव,अंकुर अग्रवाल, सूबेदार मौर्य, हरिशंकर विश्वकर्मा, विनय कुमार श्रीवास्तव, लाल बाबू श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन शुक्ला, अमित अग्रवाल,राम सेवक प्रजापति,सहायक अध्यापक अजय सिंह, विवेक केशरवानी, विनोद केशरवानी,रत्नेश केसरवानी संग गांव की दर्जनों महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। इतना ही नहीं खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल ने बताया कि ग्रामीणों के गृहस्थी, उनके सामाजिक जीवन, व्यक्तिगत जीवन, कृषि, बच्चों की पढ़ाई लिखाई और स्वास्थ्य आदि विषयों को लेकर शासन द्वारा कई योजनाएं चलायी गयी हैं। इन सभी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों की जीवनशैली को अच्छा बनाना है। इस दौरान मौजूद विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को उपयोगी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना,हर घर जल योजना, पेंशन योजना, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, कन्या सुमंगला योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।



## संकल्प यात्रा में सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**करछना।** ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की टीम पहुंची इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनी में आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी करछना श्री दीपेश गुप्ता जी ग्राम प्रधान श्रीमती मंजू पांडेय,श्री सुरेश पाण्डेय सचिव कमल सिंह अवधेश पाण्डेय एडवोकेट,सत्यदेव पांडेय राजू , चंद्रमा प्रसाद अठट सविता सिंह कृषि विभाग से संदीप पटेल ग्रामीण बैंक पचदेवरा के बैंक मैनेजर, जल जीवन मिशन की टीम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी अध्यापक गण विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे। विकसित भारत यात्रा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी द्वारा वर्चुवल ग्रामवासियों को संबोधित किया जिसमें मुख्यमंत्री जी ने देश और प्रदेश के विकास में ग्रामीण विकास की भागीदारी पर जोर दिया ।साथ ही साथ जन प्रतिनिधियों को सरकारी योजनाओं को जानकारी अधिक से अधिक लोगो में पहुंचने व पात्र लोगो तक सभी प्रकार की सुविधाएं पहुंचाने पर जोर दिया। ग्राम प्रधान ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## खंड स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पटेल नगर अकोढ़ा की टीम ने लहराया परचम

**करछना।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल प्रयागराज द्वारा खंड स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को कौंधियारा विकासखंड के मोतीलाल नेहरू पी०जी० कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी कौंधियारा ओ०पी० सिंह एवं अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख संघ प्रयागराज इंद्रनाथ मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।मुख्य अतिथियों को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार सिंह द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया।प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक बालिकाओं ने एथलेटिक्स,कबड्डी,वॉलीबॉल कुश्ती सहित विभिन्न स्पर्धा में सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बीडीओ कौंधियारा ओ०पी० सिंह ने कहा कि खेल रूप से स्वस्थ रहने के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक मजबूती के लिए भी खेल प्रतियोगिता अत्यंत आवश्यक है।खेलों से खिलाडि?ों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है।इस तरह के प्रतियोगिता ग्रामीण आँचल में छुपी हुई प्रतिभा को सामने निकालने का काम करती है। अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख संघ प्रयागराज इंद्रनाथ मिश्र ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास का सर्वोत्तम माध्यम है,ये विद्यालयीय प्रतियोगिताए ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती है।जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने में खेल भावना अत्यन्त उपयोगी होती है। संपन्न स्पर्धा में क्रमशः जूनियर बालिका वर्ग 100 मी०,200 मी० में वैष्णवी पाण्डेय,सब जूनियर 100 मी०,200 मी० में कृति पाण्डेय,सब जूनियर 200 मीटर दौड़ में मानशी कुशवाहा,सीनियर वर्ग 100 मीटर में रेशमी यादव प्रथम जबकि 400 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया।सब जूनियर वर्ग गोला फेंक,डिस्कस में साक्षी कुशवाहा प्रथम,जूनियर 400 मीटर बालिका वर्ग में शालू साहू प्रथम,सीनियर वर्ग गोला फेंक,डिस्कस में संध्या सिंह प्रथम एवं 200 मीटर सब जूनियर बालिका वर्ग में मनीषा पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कब्बडी बालिका वर्ग जूनियर व सब जूनियर वर्ग में इंदिरा गांधी पटेलनगर अकोढ़ा की टीम विजेता रही।बालीबाल पुरुष वर्ग में गौरा की टीम विजेता रही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंद्रनाथ मिश्र ने खिलाड़ियों को कप और मैडल देकर सम्मानित किया।उक्त कार्यक्रम में आयोजक के०बी० सिंह,डॉ बी०एन० पाल,शिवम सिंह,माध्यमिक शिक्षक संघ मंडलीय महामंत्री अनुज पाण्डेय,प्रदीप सिंह प्रधानचार्य,राजेन्द्र पाण्डेय,दिनेश पटेल,अखिलेश शुक्ला,शिवराज यादव सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य,शिक्षक एवं खेल प्रमुख उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी कांत पटेल ने किया।



## संस्थापक दिवस पर एनसीसी दिवस का हुआ आयोजन,बच्चों ने मचाया धमाल

**करछना।** स्थानीय मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज में संस्थापक पूर्व विधायक पंड़ित शीतला दीन द्विवेदी के जयंती,एनसीसी दिवस समारोह पर बच्चों ने खूब धमाल मचाया।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद निदेशक दिनेश सिंह ने विद्यालय के विकास में प्रधानाचार्य और शिक्षकों की भूमिका की प्रशंसा करते हुए बच्चों द्धारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की भी सराहना की।उन्होनें कहा कि लक्ष्य निर्धारण और संघर्ष करने की प्रवृत्ति और सर्वोत्तम करने का जुनून खुद देती है।शिक्षा दीक्षा के साथ खेलकूद और बच्चों में कला का विकास होना बहुत जरूरी है।मुख्य अतिथि ने एनसीसी परेड का निरीक्षण करते समय मालवीय कालेज की कैडेट इशिता सिंह को बेस्ट परेड कमांडर का पुरस्कार दिया।शुभारंभ संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीयगीत, नाटक, प्रहसन और भाषण आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधी। एनसीसी बेस्ट टर्न आउट में लाला राम लाल अग्रवाल सिरसा के पंजाब सिंह यादव को प्रथम तथा मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर की कैडेट शिवानी को द्वितीय पुरस्कार मिला। ड्रिल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम में मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना प्रथम रहा। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर ने अंगवस्त्रम और मोमेंटों प्रदान किया। एनसीसी दिवस पर एनसीसी अधिकारी एयरफोर्स स्कूल बमरौली, बृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर,लाला राम अग्रवाल सिरसा और बामपुर के एनसीसी अधिकारी रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर और संचालन कैप्टन डा.शिवदत्त मिश्र ने किया। कार्यक्रम में कवि संतोष शुक्ल समर्थ और गीतकार जितेंद्र मिश्र जलज ने अपनी कविताओं से खूब समां बांधी।विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे मेजर राजेश कुमार तिवारी के अलावा संयोजन कैप्टन डा.सत्येंद्र कुमार, प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य संजीव कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार शंखधर, सूर्यकांत त्रिपाठी, बृजेश सिंह, मनीष अग्रवाल, लालचंद्र पांडेय, चक्रधर सिंह, अरूण तिवारी, योगेन्द्रनाथ मिश्र, प्रतिम पाठक,आशुतोष पांडेय, सोना, अर्चना द्विवेदी, सुनीता यादव, प्रिया यादव सहित कई शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

## मो. हारुन मेमोरियल इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा निकाली गयी प्रभात फेरी




**उतरांव।** मो0 हारून मेमोरियल इंटर मीडिएट कॉलेज यासीनपुर में रक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त 1यू.पी. नेवल एन.सी.सी प्रयागराज के हेड क्वार्टर के आदेशानुसार एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आँचल में जनझजन तक एन.सी.सी के प्रति जागरुकता फैलाना है यह प्रभात फेरी मो. हारून मेमोरियल इंटर मीडिएट कॉलेज यासीनपुर से बलीपुर, महुवाकोठी, चांदोपारा, भवानीपुर, आराखुर्द, फतेहपुर माफी, आरा बाजार, बनपुरवा, कजरीगढ़, रौनी क्षेत्रों में तथा दूसरे दिन बासगित, अतरौरा, इनायत पट्टी, ढोरहां, नौबाजार, दायमगंज, छबिलहां, दमगढ़ा, मदारीपुर, मुल्लापुर, घाटूपुर, बाकीपुर, हसनपुर आदि छेत्रों में रैली निकाली गयी जिसमें विद्यालय के प्रबंधक शोएब आलम, प्रधानाचार्य आर.के शर्मा, सुबाष चंद्र (ए.एन.ओ) साक्षी मिश्रा (प्रशिक्षिका) तथा एन.सी.सी कैडेट्स आशीष कुमार,सौरभ मिश्रा,सुमित्रा गुप्ता,स्वेता पटेल,अन्नू पटेल,प्रशांत यादव, सकीना, शैलेंद्र वर्मा, उत्सव यादव, अभिषेक यादव, अमित वर्मा, अभिषेक गौतम, विपिन कुमार, राधिका, आफरीन, दिलनवाज, शशि पटेल, अल्का कुशवाहा, विनीत, नितिन, गौरव दुबे, गरिमा पटेल, तृष्णा पटेल, अक्शा खातून,ब्रजनंदन शिवम पटेल, शुभम, आशुतोष, सौरभ पटेल, आशीष कुमार, योगेन्द्र पटेल आदि सभी कैडेट्स ने भाग लिया।

# आरबी लाल क्रिमिनल है, शुआट्स एक्ट खत्म करें

## प्रयागराज में टीचर्स और कर्मचारियों ने डीएम ऑफिस का किया घेराव





प्रयागराज । प्रयागराज के नैनी स्थित सैम हिगिन्नबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (रत्नव-अळर) के शिक्षकों और कर्मचारियों ने बुधवार को डीएम दफ्तर का घेराव किया। इस दौरान शिक्षकों ने अपने हाथों में बैनर ले रखा था जिसपर लिखा था कि माननीय चीफ जस्टिसङ्गआरबी लाल क्रिमिनल है। उसे गिरफ्तार करें, माननीय योगी जी शुआट्स एक्ट खत्म करें, शुआट्स राज्य सरकार के अधीन करें। शिक्षकों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन देने के बाद पत्थर गिरिजाघर तक रैली निकाली और अपनी मांगों के समर्थन में नारे भी लगाए।

शिक्षकों को 11 माह से वेतन नहीं मिल रहा, शिक्षण कार्य हो रहा प्रभावित : डिपार्टमेंट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी के डॉ. आरएन शुक्ला ने बताया कि हम जैसे सैकड़ों शिक्षकों को लंबे समय से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने से शिक्षक और उनके परिवार भुखमरी की कगार पर हैं। हम बच्चों की फीस और अपनी ईएमआई नहीं जमा कर पा रहे हैं। हमारी हालत बहुत खराब है।डॉ. अजय कुमार सिंह का कहना है कि सभी अथॉरिटी फरार हैं। पिछले डेढ़ साल से दो महीने से कम अपनी कुर्सी पर बैठकर काम कर पाए हैं। सारा काम करने का अधिकारी अपने किसी चहेते को दे देते हैं। इसके बाद खुद अथॉरिटी के रूप में प्रशासन चलाते रहे हैं। सारा पैसा अपने निजी फायदे में खर्च करते हैं।मून डेविड सैमुअल का कहना है कि हमने आत्मदाह का भी प्रयास किया पर प्रशासन ने अभी तक कुछ नहीं किया है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. परिमिता खत्री का कहना है कि 7 साल से बैकलॉग चल रहा है। अब 11 माह से वेतन नहीं मिला है। हमारा परिवार कैसे चले यह बताने वाला कोई नहीं है।मून डेविड सैमुअल का कहना है कि हमने आत्मदाह का भी प्रयास किया पर प्रशासन ने अभी तक कुछ नहीं किया है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. परिमिता खत्री का कहना है कि 7 साल से बैकलॉग चल रहा है। अब 11 माह से वेतन नहीं मिला है। हमारा परिवार कैसे चले यह बताने वाला कोई नहीं है।

### विश्वविद्यालय के हॉस्टल में बम बनाते समय उड़ा छात्र का हाथ

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पीसीबी हॉस्टल में बुधवार की शाम बम बनाते समय एक युवक का दाहिना हाथ धमाके के साथ उड़ गया। हथेली का हिस्सा पूरी तरह उड़ गया। सीने और चेहरे पर भी गंभीर चोट आई है। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि गाजीपुर के सैदपुर थाना के भटौला गांव निवासी छात्र वर्तमान में छात्रावास का अंतेवासी नहीं है।

### रोजगार मेले में 126 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 126 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 192 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में कार्यालय के मेला प्रभारी अधिकारी प्रशांत तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद व कार्यालय के अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग का कार्य विश्वमोहन द्विवेदी, अनु0 द्वारा किया गया।

## माघ मेला में भूमि आवंटन 21 दिसम्बर से

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रभारी अधिकारी (माघ मेला) ने बताया है कि माघ मेला 2023-24 में साधु-संतो, संस्थाओं व अन्य को परम्परानुसार भूमि/सुविधाओं का आवंटन किया जाना है। माघ मेला 2023-24 में दिनांक 21 एवं 22.12.2023 को दण्डी स्वामी नगर, दण्डी बाड़ा मार्ग में भूमि का आवंटन किया जायेगा। इसी प्रकार 23 व 24.12.2023 को खाकचैक, 26 व 27.12.2023 को आचार्य स्वामी नगर (आचार्य बाड़ा), 28.12.2023 को संगम लोवर मार्ग, संगम अपर मार्ग एवं सरस्वती मार्ग, महावीर जी मार्ग, 29.12.2023 को अन्नपूर्णा मार्ग, 30.12.2023 तुलसी मार्ग एवं जी0टी0 रोड़, 31.12.2023 को त्रिवेणी मार्ग, 01.01.2024 को रामानुज मार्ग, 02.01.2024 को काली मार्ग, गंगोली शिवाला मार्ग, सेक्टर-1 एवं 2, परेड, शास्त्री गाटा, कबीर नगर, 03.01.2024 को समुद्रकूप मार्ग एवं इण्टरलॉकिंग मार्ग से0-3, हरिश्चन्द्र मार्ग, अरैल, समयामाई मार्ग, सूरदास मार्ग, गाटा मार्ग एवं अन्य संस्थाओं के लिए भूमि का आवंटन किया जायेगा। प्रभारी अधिकारी (माघ मेला) ने बताया है कि सुविधा पर्चियों की प्राप्ति हेतु पहचानयुक्त फोटो एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया है कि अपरिहार्य परिस्थितियों में उपरोक्त तिथियों में परिवर्तन सम्भव है। कहा है कि जिन संस्थाओं/ प्रयागवालों द्वारा विगत वर्ष कुम्भ/महाकुम्भ/माघ मेला अथवा अन्य किसी वर्षों में टिन, टेण्टेज, फर्नीचर की सुविधायें प्राप्त कर वापस नहीं की गयी है, उन्हें वर्तमान वर्ष में किसी भी प्रकार की भूमि एवं सुविधा देय नहीं होगी। प्रत्येक शिविर धारक को मेले की सम्पूर्ण अवधि (माघी पूर्णिमा) तक शिविर बनाये रखना अनिवार्य होगा। सुविधा पर्ची, भूमि आवंटन के 02 दिन के पश्चात निर्गत की जायेगी।

# निर्माणाधीन सिक्सलेन पुल की गिरी आरसीसी बीम

## छात्रों ने कार्यदाई संस्था के खिलाफ काटा हंगामा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक गंगा नदी पर निर्मार्णाधीन सिक्स लेन पुल की आरसीसी बीम बुधवार की शाम अचानक गिर गई। जिसके बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि बेली इलाके की तरफ हुए इस हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई है।

कार्यदाई संस्था एसपी सिंघला की मानें तो गाटर जी-4 पर आरसीसी बीम सेट करने के दौरान रोलर जैक के अचानक फेल होने से यह घटना हुई। वहीं दूसरी तरफ मामले की जानकारी होने के बाद कई छात्र नेता मौके पर पहुंचकर कार्यदाई संस्था के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जिसके बाद उन्होंने पुल का निर्माण कर रहे लेबर, कर्मचारी व अधिकारियों को मौके पर खदेड़ दिया।बेली से फाफामऊ मलाक हरहर तक गंगा पर बन रहे पुल के लिए आरसीसी बीम तैयार कर उसे शिफ्ट करने का काम चल रहा है। बुधवार शाम डबल साइड की बीम को रोल जैक के जरिए शिफ्ट किया जा रहा था। इसी बीच एक साइड की रोल जैक ने बीम को उठा दिया। जबकि दूसरी तरफ का रोलर जैक फेल हो गया और बीम नाले के पास गिरकर टूट गई। इस पुल के दोनों तरफ रिहायशी इलाका है। जिसके बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। काफी संख्या में वहां छात्र पहुंच गए और हंगामा करने लगे। लापरवाही का आरोप लगाकर छात्रों ने जमकर नारेबाजी की। मामला अफसरों तक पहुंचा तो पुलिस ने पहुंच भीड़ को शांत कराया। वहीं, कार्यदाई संस्था ने हंगामा करने वाले छात्रों के लिए खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई है। करोड़ों की लागत से बन रहे इस पुल के निर्माण पर हर किसी की निगाह है। शहर के बेली इलाके में इन दिनों पुल की बीम तैयार कर उसे दो साइड से खड़ा कर शिफ्टिंग का काम चल रहा है। आरसीसी बीम को क्रेन से इसलिए नहीं उठाया जा रहा क्योंकि आसपास आबादी है। बीम को रोलर जैक के जरिए शिफ्ट किया जाता है। इसी कार्य के दौरान रोलर जैक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। घटना के बाद समाजवादी छात्र सभा और कांग्रेस के छात्र संगठनों से जुड़े छात्रों ने जमकर हंगामा किया। दरसअसल छात्रों का कहना था कि हाल ही में बिहार और गुजरात में जो पुल गिरा है, वह इसी संस्था ने बनाया था। ऐसे में संस्था का टेंडर समाप्त किया जाना चाहिए।आरसीसी बीम शिफ्टिंग के दौरान रोलर मशीन के फेल होने से यह हादसा हुआ। इसके अलावा अभी बीम पुल से जुड़ी नहीं थी। निर्माण के दौरान ऐसा हो जाता है। कुछ लोगों ने पहुंच हंगामा कर अफरातफरी मचा दी। **-नुसरत खान, परियोजना प्रबंधक, एनएचएआई।**

पुल के निर्माण के गुणवत्ता की जांच निरंतर की जा रही है। इस दौरान पूरी सुरक्षा बरती जा रही है। कार्य के दौरान बीम अक्सर गिर जाती है। यह एक प्रक्रिया है। छात्रों ने बवाल कर कर्मचारियों को भगा दिया। उनके खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई है। **-सुनील सिंघला, एजीएम, एसपी सिंघला।**

### अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन नामांकन पत्रों की हुई जांच

**करछना।** अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव हेतु विभिन्न पदों के उम्मीदवारों द्वारा दाखिल नामांकन पत्रों की बुधवार को जांच हुई।चुनाव अधिकारी केपी सिंह व जांच अधिकारी कृष्णकांत निषाद द्वारा सभी पदों के उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच की गई।जिसमें सही पाए गए निर्धारित कुल पद 21 में 19 पद पर 20 उम्मीदवार पर्चा दाखिल किए थे। केवल संयुक्त मंत्री के 3 पद के विपरीत 4 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है।बाकी अध्यक्ष पद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद,कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो, महामंत्री एक, पुस्तकालय अध्यक्ष जबकि वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के 6 पद के उम्मीदवार हैं।उक्त जानकारी चुनाव अधिकारी केपी सिंह ने दी है।

# सुनीता सिंह सीता सिंह महाविद्यालय अंदावा में तोड़-फोड़

## यूजीसी नेट की ऑनलाइन परीक्षा में जमकर हुआ हंगामा, सेंटर छोड़कर भागे एनटीए के सुरक्षाकर्मी



**झूंसी/हनुमानगंज।** यूजीसी नेट परीक्षा के दौरान द्वितीय पाली में परीक्षार्थियों ने डेढ़ घंटा सर्वर डाउन होने पर सुनीता सिंह सीता सिंह महिला महाविद्यालय अंदावा में जमकर हंगामा काटा। आक्रोशित हुए परीक्षार्थियों ने कम्प्यूटर, कुर्सी व क?ई खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। जेनरेटर में भी तोड़ फोड़ की। उग्र छात्रों को तोड़ फोड़ करते देख एनटीए के सुरक्षाकर्मी भाग निकले। सूचना पर पहुंची सरायइनायत पुलिस ने हंगामा काट रहे परीक्षार्थियों को समझा बुझाकर शांत कराया। परीक्षार्थियों ने देर शाम तक परीक्षा रद्द करने की मांग पर अड़े रहे।

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की निगरानी में बुधवार को यूजीसी नेट की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक होनी थी। 2:30 बजे सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में बैठा दिया गया। आरोप है कि सर्वर डाउन होने की वजह से लाग?इन का इंतजार कर छात्र 2:45 बजे हंगामा करते हुए परीक्षा कक्ष से बाहर आ गए। कैंपस में किसी व्यक्ति के हाथ में मोबाइल देखकर छात्र नकल का आरोप लगाते हुए उग्र हो उठे। वे कंप्यूटर और खिड़कियों के शीशे तोड़ने लगे। दूसरे तल से कुर्सियां नीचे फेंक दी, कैंपस में लगे जेनरेटर का फ्यूज उखाड़ लिए। परीक्षार्थियों को तोड़फोड़ करते देखा नेशनल टेस्टिंग्स एजेंसी के सुरक्षाकर्मी भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंची सरायइनायत पुलिस ने उग्र छात्रों को खदेड़ दिया। परीक्षा देने आए शिवेंद्र प्रताप सिंह प्रतापगढ़, शिवम कुमार चौबे अयोध्या, सौरभ सिंह सुल्तानपुर, राम जी शुक्ला बलरामपुर, अमरेश शाही गोरखपुर तथा विवेक सिंह सोनभद्र का कहना था तय समय से पौने दो घंटे परीक्षा देर से शुरू कराई गई आधे घंटे बाद सिस्टम पुनः बंद हो गया जिससे परीक्षार्थियों में गुस्सा आया। दर्जनों छात्र परीक्षा केंद्र पर देर शाम तक परीक्षा निरस्त होने की सूचना जारी कराने पर अड़े रहे। सेंटर आब्जर्वर ने बताया चार लोगों ने परीक्षा नही देने दिया। वही प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय ने सिटी आब्जर्वर अर्चना से परीक्षार्थियों की फोन बात कराई। उन्होंने भी माना कि सर्वर गड़बड़ी की समस्या पूरे शहर में रही।

# राष्ट्रीय जन समर्थन पार्टी प्रयागराज ने जिला कार्यकारिणी किया विस्तार

## जिला उपाध्यक्ष, महासचिव और सचिव मनोनीत किये


अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय जन समर्थन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अजीत भाष्कर जी के निदेर्शानुसार पार्टी संगठनात्मक विस्तार के क्रम में राष्ट्रीय जन समर्थन पार्टी प्रयागराज की जिलाध्यक्ष श्रीमती किरन नाथ कुशवाहा ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सागर आर्या व रणजीत कुमार यादव को जिला उपाध्यक्ष पद, संध्या कुमारी को जिला महासचिव पद, श्रीमती शालू भारतीया, श्रीमती अन्जना, हेमा कुमारी और प्रिन्स को जिला सचिव प्रयागराज के पद पर मनोनीत किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी कई वर्षों से समाज सेवा कार्य से जुड़े हैं। सभी ने सशपथ कहा कि वे गरीबों व महिलाओं के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही समाज को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए कार्य करेंगे।उन्हें प्रयागराज जिला कार्यकारिणी में मनोनीत करने का निर्णय प्रदेश कार्यकारिणी के अनुमोदन पर किया गया। पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती किरन नाथ कुशवाहा ने बताया कि विगत कई वर्षों से किए जा रहे सामाजिक कार्यों, त्याग, लगाव व अनुभव को देखते हुए इन्हें जिला संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने आशा जतायी कि नव नियुक्त पदाधिकारी पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाकर जिले में पार्टी संगठन को मजबूत, प्रभावशाली और सुसंगठित करने का कार्य करेंगे। मनोनयन पर राष्ट्रीय जन समर्थन पार्टी के पदाधिकारियों राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मोहन धनराज, प्रदेश महासचिव पूर्व जिला जज श्याम लाल सरोज, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा सुश्री प्रतिमा गौतम, प्रदेश महासचिव पूजा भारतीया, प्रेम जी, राम बरन, डॉ सीमा जिंदल, नागेंद्र सिंह, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट सीपी निगम, महिला मोर्चा यमुनापार जिलाध्यक्ष आरती सरोज, युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष आकाश कुमार, पूनम जायसवाल, सूरज कुमार, रीता सिंह, प्रियांशु आर्या, लाल चंद्र भारतीय, धीरेन्द्र कुमार, यश कुमार, सांध्य सुमन, हरीशचंद्र, महेश पासी, विष्णु भगवान, वीरेंद्र कुमार, सुदामा प्रसाद आदि ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए हर्ष जताया है।

# अंतिम दिन राम कथा में श्रोताओं की जुटी भारी भीड़

## अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ समापन



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन बुधवार को हो गया। कथा के अंतिम दिन श्रोताओं की भारी भीड़ जुटी रही। इस अवसर पर शांतनु जी महाराज ने अरण्यकांड की कथा प्रारम्भ किया एवं जयंत के मानभंग की कथा सुनाई। नारद जी के समझाने पर वह भगवान के पास आकर क्षमा मांगी और भगवान ने उसे क्षमा किया है।कथा में महाराज ने आगे कहा कि प्रभु अत्रि अनुसुइया जी के आश्रम में आये है दोनों अत्यंत प्रसन्न हुए। माता अनुसुइया ने सीता जी को स्त्रीधर्म की बहुत सी बातें सिखलाई है। यहां से प्रभु आगे बढ़े है और ऋषियों ने प्रभु को अस्थियो के ढेर को दिखाया और भगवान ने भुजाये उठाकर प्रतिज्ञा किया कि मैं इस धरती को निसिचर हीन करूँगा। महाराज जी ने सुपर्णखा प्रतिमूर्ति है। कथा सुनकर सम्पूर्ण जनमानस भक्ति में सराबोर हो गया। अंतिम दिन यजमान के रूप में वेद प्रकाश मिश्र भाग सेवा प्रमुख नैनी पत्नी चंद्रमोहनी मिश्रा पुत्र संस्कार एवं नगर सेवा प्रमुख राजर्षी नगर नैनी कुंवर पंकज सिंह पत्नी रागिनी सिंह रहे। इस अवसर पर संगठन मंत्री विद्या भारती राम मनोहर, रईस चंद्र शुक्ल, पूर्व एडिशनल सालिसिटर जनरल ऑफ इंडिया अशोक मेहता, प्रो. ब्रह्मानंद सिंह, संयोजक अध्यक्ष सेवा भारती प्रयागराज सुजीत सिंह, समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष अरवल बिहार, मंटू सिंह, वेद भाई, विनय सिंह, मोनू सिंह, राजेश साहू, महावीर, डॉ संदीप पाल, सुनील जायसवाल, दादू सिंह प्रधान संघ के अध्यक्ष करछना, टुनटुन पांडे डब्लू जायसवाल, पूर्व पार्षद मुकेश भारतीय, संजय केसरवानी, बच्चा विश्वकर्मा, गुरुप्रकाश राव, सहायक प्राध्यापक डॉ मृत्युंजय राव परमार्थ, संकठा द्विवेदी, अध्यक्ष कैट बार अनिल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव : मेधावियों को मेडल देकर किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव सृजन का बुधवार को समापन हुआ। स्कूल की प्रधानाचार्या के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करने के पश्चात स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। नर्सरी के बच्चों द्वारा जोकर की ड्रेस में पीटी किया जिसे अभिभावकों ने खूब सराहा। सूर्य नमस्कार एवं योगासन के द्वारा बच्चों ने योग के महत्व को समझाया। छात्र एवं छात्राओं रिंग पीटी, रिबन पीटी, फ्लावर पीटी, बॉल पीटी, कैप पीटी के द्वारा अभिभावकों का मन मोह लिया। डांडिया नृत्य, फ्यूजन नृत्य, लोक नृत्य आदि कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यालय में सलोनी सिंह, स्वपनिल गुप्ता, वर्षा सिंह, अम्बेश मिश्रा, प्रदीप कुमार, प्रतीक यादव ने शतप्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराकर और भी बच्चों को कक्षा में उपस्थित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौर नर्सरी से 12 तक के छात्र छात्राओं को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन श्वेता सिंह द्वारा किया गया। अंततः प्रधानाचार्य ने ₹अनुशासन ही जीवन की सफलता का मूल मंत्र हैं₹ संदेश दिया और प्रांगण में उपस्थित सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### बीमारी से जूझ रही किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के गोइसरा गांव के कोठरी बगइचा मजरे में बुधवार की दोपहर एक किशोरी ने दुपट्टा के सहारे धन्नी में फांसी लगा ली । जब तक घर के लोगो को जानकारी हुई और उसे फांसी से उतारा तब उसकी मौत हो चुकी थी । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालापुर के उपरोक्त गांव निवासी महादेव भारतीय की पुत्री कविता जो विगत कई माह से बीमार थी । परिजन उसका इलाज करवा रहे थे ,लेकिन उसकी तबियत में सुधार नही हो रहा था । बुधवार की दोपहर जब घर के लोग काम के लिए गए थे । इसी बीच कविता ने घर के अंदर धन्नी में दुपट्टा का फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली ।पाच बहन और एक भाई हैं जिसमें कविता तीसरे नम्बर की थी घटना देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# उपनिदेशक पर्यटन को कार्यों में शिथिलता बरतने पर चेतावनी व स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**लोक निर्माण विभाग द्वारा माघ मेला 2023-24 में पन्टून एवं पहुंच मार्ग तैयार करने के कार्यों की गति धीमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को चेतावनी**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत पर्यटन विभाग की स्वीकृत परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु संतोष जनक कार्यवाही न करने तथा कार्यों में शिथिलता बरतने पर उपनिदेशक पर्यटन श्री वीरेश कुमार को मेला अधिकारी ने चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सात दिवस के अन्दर समस्त सूचनाओं सहित अपना जवाब / पक्ष प्रस्तुत न करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु शासन को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। परियोजनाओं के समयबद्ध कियान्वयन हेतु मण्डलायुक्त एवं मेला अधिकारी द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। गत समीक्षा बैठक में पर्यटन विकास निगम एवं यूपीपीसीएल की परियोजनाओं के समयबद्ध कियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गए थे तथा दिनांक 12-12-2023 की बैठक में पुनः परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी चाहने पर उपनिदेशक पर्यटन द्वारा न तो पूर्व स्वीकृत परियोजनाओं और न ही नई परियोजनाएं यथा - नैनी व शास्त्री पुल में फसाद लाइटिंग स्थापना एवं किले के समीप वाटर लेजर शो बनाये जाने के संबंध में कोई संतोष जनक जवाब दिया जा सका। अतः उनको स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।इसी क्रम में माघ मेला 2023-24 में पन्टून एवं पहुंच मार्ग तैयार करने के कार्यों की गति धीमी पाए जाने पर लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारियों को भी चेतावनी दी गई है। थर्ड पार्टी एजेंसी तथा प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अधिकारियों के निरीक्षण के पश्चात यह पाया गया की लोक निर्माण विभाग द्वारा जो पन्टून एवं पहुंच मार्ग बनाने के कार्य 25 दिसंबर तक पूर्ण कराए जाने थे उनकी गति काफी धीमी चल रही है जिसका प्रमुख कारण पर्याप्त मात्रा में लेबर डेप्लॉयमेंट न होना तथा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्यों को पूर्ण न करना है। संबंधित अधिकारियों को एक नई कार्य योजना तैयार कर सभी कार्य स समय पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उनके सभी कार्य डेली ट्रैक किए जाएंगे तथा स समय कार्य पूर्ण न कर पाने की स्थिति में उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की जाएगी।

# सभी गौशालाओं में तिरपाल व बोरों की व्यवस्था कराएं सुनिश्चितः डीएम

## निराश्रित गोवंश संरक्षण व निमार्णाधीन गौशाला की डीएम ने की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल विकास भवन सभागार में निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं भरण पोषण, निमार्णाधीशन गौशालाओं के कार्यो की समीक्षा की गयी।

गौशालाओं में समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि हरा चारा, भूसा, पशुआहार, स्वच्छ पेयजल, तिरपाल, बोरा, टीनशेड, बीमार पशुओं की उचित देखभाल इत्यादि मूलभूत सुविधाओं से सम्बन्धित व्यवस्थायें सुनिश्चित करा लें। उन्होने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के लेकर शासन स्तर से लगातार समीक्षा की जाती है, अतः इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी यदि लापरवाही पायी जायेगी तो सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई प्रस्तावित की जायेगी। बैठक में निर्देशित किया गया कि कोई भी छुट्टा पशु सड़कों पर न घूमे, यदि ऐसा पाया जायेगा तो सम्बन्धित और उसमें गोवंशों को संरक्षित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन स्थलों पर गौशालाओं



गोवंश संरक्षण सम्बन्धी बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी गौशालाओं के लिये चारागाह हेतु यदि जमीन उपलब्ध नही है तो उपजिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर जमीन का चिन्हांकन करते हुये उसमें हरे चारे की बुवाई कराना सुनिश्चित करें। समस्त अधिशासी अधिकारियों को के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने जनपद में निमार्णाधीन गौशालाओं की समीक्षा की तो बताया गया कि 18 स्थलों पर गौशालाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिसम्बर 2023 के अन्त तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाये हेतु जमीन विवादित है वहां पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर विवादित जमीन का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। गौशालाओं में ठण्ड से बचाव हेतु तिरपाल, बोरों, पराली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत गोवंश के पशुपालक को समयानुसार धनराशि भेजे जाने के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गयी तो बताया गया कि माह अक्टूबर तक धनराशि भेजी जा चुकी है। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी निर्माण कार्य कराये जाये वह गुणवत्तायुक्त हो, इसमें लापरवाही कदापि न बरती जाये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में आमजन मानस से यह अपील करें कि गौशालाओं में गोवंशों के खान-पान हेतु जो भी अनावश्यक भोज्य पदार्थ/चारा हो उसे स्वेच्छा से दान करें।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर एवं कस्बों की सड़कों की साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें और कूड़ा रोड पर न मिले, यदि किसी दुकानदार या अन्य किसी के द्वारा कचड़ा रोड पर फेकते है तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाये। नाले एवं नालियों की साफ-सफाई करायी जाये। सड़कों पर जो अवैध अतिक्रमण किये गये है उसे हटाया जाये। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि शहर की सुन्दरता कैसे बढ़ायी जाये इस पर विशेष ध्यान दिया जाय। रैन बसेरा के सम्बान्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्धारित स्थलों पर रैन बसेरा शुरू किया जाये और उसकी सूची आपदा कार्यालय को उपलब्ध करायी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी/प्रभारी सीडीओ राकेश प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 बिरजू सिंह यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, सहित अधिशासी अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामलगन समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के बने राष्ट्रीय सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर बुधवार को यहां तहसील अधिवक्ताओं ने साथी का सम्मान किया। विकासखण्ड लालगंज अन्तर्गत रायपुर तियाई निवासी रामलगन यादव स्थानीय तहसील में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। वह अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भी रह चुकें हैं तथा समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता भी हैं। समाजवादी पार्टी द्वारा उन्हें समाजवादी अधिवक्ता सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने की जानकारी होने पर साथियों ने खुशी जतायी। तहसील परिसर में अधिवक्ता टीपी यादव, विकास मिश्र, प्रवीण यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, विपिन शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संजीव, रोशन लाल सरोज, शहजाद अंसारी, अजीत यादव, अम्बुज पाण्डेय, अभय सिंह, विमल यादव, कमलेश वर्मा, रमेश वर्मा, कैलाशनाथ आर्य आदि अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर साथी अधिवक्ता रामलगन यादव का सम्मान किया और उन्हें बधाई सौंपी।

# पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सेवा निवृत कर्मचारी शिक्षक एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा प्रतापगढ़ मासिक बैठक कोषागार कार्यालय स्थित पेंशनर हाल में मनोकानिका उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें आगामी 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस पर उपस्थित होने के लिए सभी उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया गया कि पेंशनर दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों और अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी को संबोधित लिख कर ले आएंगे। बैठक के पश्चात एक शिष्ट मण्डल जिलाधिकारी से मिलकर व्यवस्था एवं स्वयं उसकी अध्यक्षता करने तथा जनपद के कार्यालय अध्यक्षों को उक्त आयोजन में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का अनुरोध किया गया। बैठक का संचालन विनोद कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान शिक्षक पेंशनर यमुना प्रसाद पाण्डेय के निधन पर शोक जताते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

# भाजयुमो ने जिले के सभी मण्डलों में निकाली बाइक रैली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश के निदेर्शानुसार जिले के सभी 30 मंडलो में मंडल बाइक रैली का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ था। इसी क्रम में बाइक रैली का शुभारम्भ जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह जी एवं क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य सौरभ प्रताप सिंह द्वारा नगर मण्डल के स्टेशन रोड स्थित सूर्या पैलेस से किया गया। रैली सूर्या पैलेस से निकल कर भगवा चुंगी होते हुए चैक घंटाघर से सदर बाजार होते हुए पुनः सूर्या पैलेस पर समाप्त हुई। इसी प्रकार अन्य मंडलों में बाइक रैली का आयोजन किया गया नगर, सदर, मोहनगंज, अंतु, किठावर, लालगंज, सांगीपुर, आसपुर देवसरा, डेरवा आदि सभी 30 मंडलो में युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रवासी क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य सौरभ सिंह, जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, जिला महामंत्री नितीश श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, नगर अध्यक्ष रोहित सिंह, नगर महामंत्री राहुल मौर्य, नितेश सिंह, सोनू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संदिग्ध दशा में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में युवक का शव मिलने से कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। जेठवारा थाना क्षेत्र के सराय आनादेव गांव निवासी चैतीस वर्षीय बालेन्द्र सिंह पुत्र स्व. मथुरा सिंह बुधवार सुबह गांव स्थित तालाब के पास खेत में संदिग्ध दशा में मृत पड़ा मिला। शौच को गये ग्रामीणों ने बालेन्द्र को मृत देख इसकी सूचना उसके घर व ग्रामीणों को दी। जानकारी होते ही वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। मृतक अविवाहित था। युवक के मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। दरोगा विनीत उपाध्याय का कहना है कि युवक के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है। प्रथम दृष्टया नशीला पदार्थ खाने से युवक की मौत होने की आशंका है। शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# वनरोज की टक्कर से प्रधानपति घायल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वनरोज की टक्कर से प्रधानपति घायल हो गये। इलाज के लिए उन्हें जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल भेजवाया गया। लीलापुर थानान्तर्गत बोझवा ग्राम पंचायत के प्रधानपति गुफरान बीती मंगलवार की रात करीब आठ बजे अपनी कार से किसी कार्य से साहबगंज बाजार आ रहे थे। गांव रास्ते में अचानक एक वनरोज के सड़क पार करने के दौरान प्रधानपति की कार अनियंत्रित होकर वनरोज से टकरा गयी। जिससे प्रधानपति गंभीर रूप से घायल हो गये और उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये।

# स्वच्छता के लिये हर सभासद व कर्मचारी को रहना होगा सजगः हरिप्रताप सिंह

## नगर पालिका सभागार में आयोजित हुआ स्वच्छता जनजागृत दिवस



सभागार में आयोजित बैठक में बोलते नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा के सभागार में आज पूर्वान्ह 11 बजे से स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को सक्रिय करने के लिये स्वच्छता जनजागृत दिवस का आयोजन नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने बताया कि आज पूरे प्रदेश में स्वच्छता जागृत दिवस का आयोजन दिन में 11 बजे से किया जा रहा है, जिसमें स्वच्छता के लिये जनजागरुकता लाने के लिये हर सभासद और कर्मचारी को सजग रहना होगा। उन्होंने बताया कि हर वार्ड के सभासद के नेतृत्व में 11 सदस्यीय समिति स्वच्छता पर निगरानी रखेगी। इस अवसर पर सभासदों अनिल सिंह, तुषार, आशीष जायसवाल, धर्मशील शुक्ला, विनोद ने अपने क्षेत्र के समस्याओं व सुझाव भी दिये जिसे अध्यक्ष ने प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन दिया। उक्त जागरुकता कार्यक्रम में नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेश कुमार बिंद तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।





जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीजी जेल

# डीजी जेल ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के डीजी जेल एस0एन0 सामत ने आज बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। उनके साथ जिलाधिकारी संजीव रंजन और पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल भी मौजूद रहे। करीब एक घंटे से अधिक आईजी व डीएम-एसपी जिला कारागार के अंदर रहे। उन्होंने वहां कैदियों के रहन-सहन, भोजन, दवा आदि की जानकारी ली और कैदियों से भी बातचीत की। एक घंटे से अधिक रहने के बाद अधिकारीगण वहां से लगभग शाम साढे. पांच कारागार से निकले।

# सात दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा की तैयारियों के लिए बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर में 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक आयोजित होने वाले संगीतमयी भगवान पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन पर आधारित श्री राम कथा के आयोजन को लेकर के पट्टी नगर पंचायत कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कथा को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए बैठक में विचार व मंथन किया गया। पट्टी नगर मेला ग्राउंड में 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक भगवान पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन चरित्र पर आधारित संगीतमयी श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास परम पूज्य मुकेश आनंद जी महाराज पट्टी नगर में पधार रहे हैं। कथा को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए बुधवार को पट्टी नगर पंचायत कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पट्टी नगर के सभी संभ्रांत लोग मौजूद रहे। पट्टी नगर पंचायत के अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि यह सात दिवसीय अमृत वर्षा कथा सभी नगर वासियों के सहयोग से आयोजित की जा रही है यह पट्टी नगर वासियों के लिए गौरव तथा हर्ष का विषय है। बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, डॉ के. एल विश्वकर्मा, रामवती मौर्य, सभासद रामचरित्र वर्मा, सभासद प्रतिनिधि गौरव श्रीवास्तव, पूर्व सभासद रमेश चंद्र सोनी, पवन खंडेलवाल, राजेश सरोज सभासद प्रतिनिधि, मुन्नू मोदनवाल, प्रिंस बरनवाल, श्याम पटेल, अमरीश प्रजापति, इंद्रजीत सिंह, सभासद प्रतिनिधि सजीवन सोनी, अमित जायसवाल, सभासद रजनीश मौर्य, सभासद भ्रम कुमार सिंह, शीतला सरोज, सहित कई लोग मौजूद रहे।



व्यापारियों के साथ आयोजित बैठक में बोलते पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल

# व्यापारी शहर की सड़कों पर न करें अतिक्रमणः एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे अतिक्रमण न करने का प्रस्ताव रखा और कहा कि किसी भी हालत में दुकानों के सामने बनी नाली के आगे अपनी दुकानें नहीं लगाएं। दुकानदारों के इस अतिक्रमण से आवागमन बुरी तरह से प्रभावित होता है और आए दिन जाम लगता है। इसके अलावा अब सकरे रास्तों व गली-कूचों में ई रिक्शा नहीं जाने पाएंगे। ई रिक्शा का रुट अब निर्धारित कर दिया गया है। मुख्य मार्गों पर ही ई रिक्शा चलेंगे। पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को सचेत किया कि 16 दिसम्बर से शहर में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलेगा और इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा, उसका चालान किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों को सुझाव दिया कि वह तीन दिनों के अंदर अपनी बढ़ी हुई दुकानें अंदर कर लें। बैठक में सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता, शहर कोतवाल सत्येन्द्र सिंह, उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी, महामंत्री संजय सोनी, सरदार कुलवेन्द्र सिंह, सरदार महेन्द्र सिंह, अरविन्द जैन, प्रदीप आदि रहे।

# समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न

## मतदाता सूची में नये नाम शामिल किये जाने पर हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य एजेंडा ब्लाक, नगर पंचायत, व बूथ स्तर पर गठन एवं आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सक्रियता के साथ ही मतदाता सूची में आनलाइन नये नाम शामिल किए जाने व मतदाता सूची से कटे हुए नामों को सम्मिलित किये जाने पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनीष पाल व संचालन महासचिव अंकुर मौर्या ने किया। इस



समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक में बोते जिलाध्यक्ष मनीष पाल।

अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, जियाउल इसहाक, जिला सचिव राजकुमार विश्वकर्मा, युनूस मंसूरी, अरविंद प्रजापति, कोषाध्यक्ष कन्हई गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष रामखेलावन यादव, उपाध्यक्ष विपिन पाल, नगर अध्यक्ष राहुल प्रजापति, सुरेश चन्द्र यादव, जयसिंह यादव, मोनू यादव, रामयश यादव एडवोकेट, बंशीलाल यादव, मो.निजाम, संजय यादव, प्रदीप यादव सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# कानूपुर मार्ग के लिये विशाल सामूहिक सत्याग्रह 17 को

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** सालों से जेठवारा (कानूपुर) से कटरा गुलाब सिंह मार्ग की दुर्दशा से दुःखी लोग अपनी सड़क के लिए सरकार से गुहार लगाने का निर्णय लिया है। आगामी 17 दिसंबर को नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह स्थित सरदार पटेल तिराहे पर सैकड़ो लोगो ने सामूहिक सत्याग्रह करने का संकल्प लिया है। यह जानकारी देते हुए भयहरण नाथ धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया कि इस सड़क के न बनने से जन सामान्य के जीवन में तरह तरह की रोजमर्रा की समस्याएं हैं। उन्होंने बताया की अभी हाल ही में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जेठवारा आए थे। उस कार्यक्रम में सडक की दुर्दशा बताई गई तब श्री मौर्य ने सडक बनाने का आश्वासन दिया है लेकिन कोई हल नहीं निकाला जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने बताया कि सत्याग्रह के संयोजन की जिम्मेदारी पी0 बी0 सिंह प्रतापबंशी, लालजी सिंह, बंशी लाल पटेल, अंजनी तिवारी, डा अमर बहादुर सिंह, देवी प्रसाद मिश्र व दीपक जासवाल व हेमराज अग्रहरि को दी गई है।

# घरेलू विवाह से तंग आकर युवक ट्रेन की पटरी पर आया, दोनों पैर कटे

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पत्नी से घरेलू कलह से तंग आकर एक युवक ट्रेन के सामने आ गया जिससे उसके दोनों पैर कट गए। जीआरपी पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है । जहां पर उसका इलाज चल रहा है। जामताली बाजार का रहने वाला नसीम 28 पुत्र मुन्ना खान पत्नी से विवाद के कारण मंगलवार की शाम को घर से झगड़ा करने के बाद प्रतापगढ़ चला गया। रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पर वह ट्रेन के सामने आ गया हालांकि वह बच गया लेकिन उसके दोनों पैर पर से ट्रेन गुजर गई, जिससे उसके दोनों पैर कट गए। वहां पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दिए। जीआरपी पुलिस ने उसे एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया और उसके घर वालों को सूचना दिया।

# ग्राहकों के साथ बैंक कर्मियों ने की सद्भावन बैठक

## विशिष्ट ग्राहकों को बैंक प्रबंधक ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह क्षेत्रांतर्गत बैंक आफ बडौदा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक आशीष कुमार सिंह ने अपने ग्राहकों के साथ सद्भावना बैठक कर बैंकीय कामकाज में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बैंक कामकाज को लेकर कोई समस्या किसी ग्राहको को हो तो वह मुझसे किसी भी समय बात कर सकता है।

बैंक संबंधी सभी समस्याओं का साकात्मक समाधान अवश्य किया जाएगा। बैंक में नया खाता खुलने की बात हो या फिर प्रचलित स्कीमों के तहत ऋण प्राप्त करना हो, इच्छुक व्यक्ति शाखा में संपर्क कर सकते है। हमारे बैंककर्मी सहर्ष आपकी सेवा मे तत्पर रहेंगे। बिजनेस,शिक्षा, या फिर घर बनवाने के लिए होमलोन, वाहन लोन,किसानो के लिए केसीसी आदि लोन की सुविधा देने के लिए बैंक तैयार है



विशिष्ट ग्राहकों का सम्मान करते बैंक प्रबंधक।

साथ ही आप लोग सीधे बैंक आकर बैंक से गोल्ड लोन का लाभ उठा सकते है, ब्यक्ति को उसी दिन कुछ ही घण्टे मे लोन का पैसा दे दिया जायेगा। कार्यक्रम मे आमंत्रित चुनिंदा ग्राहकों को प्रबंधक द्वारा बैंक सहयोग कार्ड और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।लोगों ने शाखा प्रबंधक आशीष कुमार सिंह की इस पहल की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अध्यक्ष, नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह अशोक कुमार यादव उपस्थित रहे। साथ में उप शाखा प्रबंधक राहुल कुमार, ऋण अधिकारी ज्योतिष यादव, कैशियर अनिल यादव, राजेश पाण्डेय, दफ्तरी राजेश शर्मा, बैंक मित्र महेंद्र अग्रहरि, उपेंद्र सिंह, श्रीराम वैश्य, सुरेंद्र पटेल, विकलेश पटेल, अरुण पटेल के अलांवा क्षेत्र के सम्मानित ग्राहक जगनरायण वैश्य घनश्याम गिरी, चतुरेंद्र सिंह, उत्सव अग्रहरि, देवी प्रसाद मिश्र, सभासद दशाराम पटेल, सभासद प्रतिनिधि दीपक जायसवाल, डॉ0 परमानंद मिश्र, पूर्व प्रधान विनोद कुमार पटेल, शैलेंद्र अग्रहरी, पत्रकार मतेंद्र कीर्ति सहित दर्जनों व्यवसाई और किसान मौजूद रहे।

# अनुच्छेद 370 के खात्मे के लिए प्रतापगढ़ के अधिवक्ताओं ने भी भरी थी हुंकार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जम्मू कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद तीन सौ सत्तर के खात्मे पर सर्वोच्च न्यायालय की मुहर लगने पर वकीलों में खुशी देखी जा रही है। संविधान के अनुच्छेद तीन सौ सत्तर को हटाये जाने में हुए संघर्ष में प्रतापगढ़ के वकीलों ने भी अहम भूमिका निभायी थी। संविधान के अनुच्छेद तीन सौ सत्तर को समाप्त किये जाने में जम्मू कश्मीर के अलगाववादी नेता मर्सरत आलम की तत्कालीन जम्मू कश्मीर राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की सरकार द्वारा रिहाई को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन ने यहां से लेकर जम्मू तक हुंकार भरी थी।

सन 2015 में आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमण्डल लखनऊ से जम्मू तक शांति मार्च के लिए वहां पहुंचा था। रूरल बार के प्रतिनिधिमण्डल ने मसर्रत आलम की रिहाई वापस लेने के साथ अनुच्छेद तीन सौ सत्तर को समाप्त किये जाने की मांग को लेकर जम्मू में शांति मार्च निकाला और विधानसभा के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया। दो दिनों तक जम्मू में विरोध प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के साथ लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के मौजूदा अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर द्विवेदी, अधिवक्ता राजेश तिवारी, अधिवक्ता शिवाकांत शुक्ला, अधिवक्ता सत्येन्द्र श्रीवास्तव तथा शैलेन्द्र शुक्ल भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। तब जम्मू में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने यहां से गये अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमण्डल को समझाने बुझाने का भी प्रयास किया था।

**रूरल बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल ने जम्मू में निकाला था शांति मार्च**

अब सुप्रीम कोर्ट के संविधान के अनुच्छेद तीन सौ सत्तर पर आये फैसले को लेकर रूरल बार एसोशिएसन अपने मिशन में संघर्ष की एक महत्वपूर्ण कड़ी की सफलता करार दे रहा है। बुधवार को यहां अधिवक्ताओं की बैठक में रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ला, महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, शिव नारायण शुक्ला, विपिन शुक्ला, सुमित त्रिपाठी, दीपेन्द्र तिवारी, सिंटू मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह आदि अधिवक्ताओं ने अनुच्छेद तीन सौ सत्तर को समाप्त किये जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को भारत के संघीय ढ़ांचे में एक बड़ा महत्वपूर्ण संवैधानिक मार्गदर्शन कहा है।

# बिना फिटनेस संचालित स्कूली वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय : डीएम

**शराब पीकर वाहन चलाने वालो, काली फिल्म वाहनों एवं वाहनों पर स्टन्ट करने वालों के विरुद्ध की जाय कड़ी कार्यवाही-पुलिस अधीक्षक**

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला स्कूली वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक**




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला स्कूली वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर शासन अदेशानुसार निर्धारित प्रोफार्मा में जनपद में होने वाली सड़क दुर्घटनाओ को अंकित कराया जाय, जिससे सड़क दुघर्टनाओ को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनायी जा सकें। उन्होंने ईओ भरवारी, मंझनपुर एवं सिराथू को ई-रिक्शा का नम्बरिंग कराने तथा ईओ भरवारी को भरवारी एवं मूरतगंज में ऑटो/टैम्पू स्टैण्ड चिन्हित करने के निर्देश दियें। उन्हांने एआरटीओ को निर्देशित किया कि बिना फिटनेस का कोई भी स्कूली वाहन सड़क पर चलने न पाये, बिना फिटनेस के स्कूली वाहन संचालित पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्हांने एआरटीओ को निर्देशित किया कि जनपदीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लॉन तैयार किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने एआरटीओ को सभी विभागों से 15 वर्ष पुराने वाहनों की सूची प्राप्त कर शासनादेशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्हांने एआरटीओ को शासन अदेशानुसार सीएमओ के साथ बैठक कर जनपद में बड़ी दुर्घटना होने पर इमरजेन्सी मेडिकल प्लॉन तैयार करने तथा जनपद में एम्बुलेन्स की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित कर स्थल चिन्हित करते हुए एम्बुलेन्स का रिस्पांस टाइम कम करने एवं अस्पतालां में पेशेन्ट हैण्ड ओवर टाइम कम करने आदि कार्यवाही/ कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार 15 दिसम्बर 2023 से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। उन्हांने अधिकारियों से कहा कि कहीं पर भी सड़क दुर्घटना होने की जानकारी मिलती है तो तत्काल मौके पर पहुॅचकर घायल पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुॅचाया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों, काली फिल्म वाहनों तथा वाहनों पर स्टन्ट करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने लाइजनिंग मैनेजर, एनएचएआई पवन सिंह से कहा कि हाइवे पर गति चालान कैमरा लगवाया जाय, जिससे निर्धारित सीमा से अधिक गति में वाहन चलाने वालों पर चालान आदि कार्यवाही किया जा सकें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारी एवं ई0ओ0 को व्यापारियों आदि गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक कर बैठक में प्राप्त शिकायतों/समस्याओ को निस्तारित करने के भी निर्देश दियें।बैठक में ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने बताया कि सकाढ़ा, ओसा चौराहा एवं बलिहावां मोड़ को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने एआरटीओ, ट्रैफिक इंस्पेक्टर एवं अधिशासी अभियंता लोनिवि. को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर एवं साइनेज बोर्ड आदि लगाये जाने के लिए कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में लाइजनिंग मैनेजर, एनएचएआई ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार की आपात स्थिति/सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर-1033 डायल करने पर तुरन्त सहायता पहुॅचायी जाती है। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी की सीमा के अन्तर्गत हाइवे पर एक एम्बुलेन्स एवं क्रेन गश्त करती रहती है। बैठक में बताया गया कि सैनी चौराहे एवं देवीगंज चौराहा पर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, एआरटीओ एवं क्षेत्राधिकारी को मौके पर जाकर अव्यवस्थित ढंग से वाहनों को खड़ी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा पार्किंग के लिए स्थल चिन्हित करने के निर्देश दियें। बैठक में श्री रमेश अग्रहरि ने परसरा चौराहे पर सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही किये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने एआरटीओ, ट्रैफिक इंस्पेक्टर एवं अधिशासी अभियंता लोनिवि. को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर आवश्यकता अनुसार स्पीड ब्रेकर आदि बनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें बैठक में अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा ट्रान्सपोर्ट संघ के पदाधिकारीगण एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रबन्धक उपस्थित रहे।

**न्याय के लिए कई दिन से मृतक महिला की मां दरबदर की खा रही ठोकर, नही दर्ज हुई रिपोर्ट**

## दौलत की हवस के भेड़ियों ने फिर ले ली एक विधवा महिला की जान

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव की रहने वाली फूलमती ने अपनी मृतक पुत्री के ससुराल वालों पर दहेज के लिए उसे पीट पीटकर मौत के घाट उतारने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय के गुहार लगाई है। मालूम हो बीते 4 दिसंबर को थाना पश्चिम शरीरा क्षेत्र के गढ़ी बाजार गांव के एक कुएं में गांव की ही रहने वाली अनीता देवी पत्नी लवकुश का शव मिला था जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। जिस पर मृतक अनीता की मां ने अनीता के ससुरालीजनों पर दहेज के खातिर उसे पीट-पीटकर मार डालने का गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई उनका कहना है कि 8 वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अनीता की शादी गढ़ी बाजार गांव के रहने वाले लवकुश पुत्र रामदुलारे के साथ हुई थी शादी के बाद से ही दहेज को लेकर उसके ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट करना प्रारंभ कर दिया 2 वर्ष पूर्व पति की मौत के पश्चात मारपीट का यह सिलसिला और बढ़ चुका था। बीते 3 दिसंबर को रात्रि में अनीता के ससुरालीजनो नंदकिशोर पुत्र रामदुलारे, पूनम पत्नी नंदकिशोर व गयादीन पुत्र दशरथ, गोमती देवी पत्नी गयादीन व धर्मेंद्र पुत्र अमृतलाल तथा नथन पुत्र खेलावन निवासी ग्राम गढ़ी बाजार ने मिलकर उसकी पुत्री अनीता को पीट-पीट कर उसके हाथ पैर तोड़ दिया और दूसरे दिन गांव के कुएं में उसे धकेल दिया जिससे उसकी मौत हो गई सूचना मिलने पर जब मृतक के पिता उसकी ससुराल पहुंचे तो उल्टा विपक्षियों ने उनके साथ गाली गलौज की वहीं जब मामले को लेकर पीड़ित थाना पश्चिम शरीरा पहुंचा तो पुलिस ने कार्यवाही करने के बजाय मामले को रखा दफा करने में लग गई है। जिससे आहत होकर मृतक की मां पुलिस अधीक्षक कौशांबी से न्याय की गुहार लगाते हुए शिकायती पत्र सौंपा है।

## रुपए नही देने पर गिरा दिया था दुकान सदमे में हो गई वृद्ध की मौत

**दुकान निर्माण के लिए लेखपाल द्वारा रुपए मांगने के आरोप का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

**कौशाम्बी।** जिले में योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को पलीता लगाने में सरकारी अफसर बाज नहीं आ रहे है,महज कुछ रूपयो के लिए सरकारी अफसर बिक जा रहे है और रुपए नही मिले तो गरीब का ही नुकसान करने में भी पीछे नहीं हटते हैं। ताजा मामला कौशाम्बी जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर दस मंगल पांडे नगर नौढिया आमद करारी का है जहा मंगलवार को गांव के ही वृद्ध नाई रामधनी की मौत सदमे में हो गई,रामधनी ने अपनी दुकान के निर्माण के लिए लेखपाल को पांच हजार रुपए दिए थे,लेखपाल ने उससे 50 हजार के डिमांड की थी,जिसके बाद 20 हजार में तय हुआ और उसके बाद रामधनी ने लेखपाल को 5 हजार रुपए दे दिए थे, लेकिन वह और रूपयो की मांग कर रही थी,रामधनी ने लेखपाल को अधिक रुपए नही दिए तो लेखपाल द्वारा उसकी निर्माणाधीन दुकान को ही जेसीबी लगवाकर गिरवा दिया गया। जिसके बाद वह सदमे में हो गया और उसकी मौत हो गई। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा रुपए नही मिलने पर गरीब नाई की दुकान गिराने के मामले का पीड़ित की मौत के पहले का बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रामधनी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जमीन नापने के बहाने किसान को बुलाने के बाद उसकी हत्या हो जाने का आरोप भी इसके पहले इस लेखपाल पर लगा था।

## सीएमओ द्वारा सीज किए गए अस्पताल का ताला तोड़ने पर फिर अस्पताल संचालक पर मुकदमा दर्ज

**हास्पिटल पंजीकृत है किन्तु स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम को जांच के दौरान मौके पर चिकित्सक उपलब्ध नही मिले**




**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ने बताया के दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को सूचना प्राप्त हुई की फार्च्यून हास्पिटल, ओसा रोड मंझनपुर नवीनीकरण न होने पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कौशाम्बी की टीम द्वारा दिनांक 28-11-2023 को सीलिंग होने के बावजूद ताला तोड दिया गया है। उक्त के कम मे दिनांक 13-12-2023 को डा० हिन्द प्रकाश मणि, डिप्टी सीएमओ, डा० केडी सिंह डिप्टीसीएमओ की संयुक्त टीम ने उक्त हास्पिटल का निरीक्षण किया गया। जहाँ मौके पर हास्पिटल मे सीलिंग के समय लगाया गया ताला टूटा हुआ पाया गया। टीम द्वारा पुनः उक्त हास्पिटल को सील करते हुये इसकी सूचना थाना मंझनपुर को दिया गया। इसके बाद टीम ने एन०जी०एम० हास्पिटल ओसा रोड मंझनपुर कौशाम्बी का निरीक्षण किया हास्पिटल पंजीकृत था किन्तु मौके पर चिकित्सक उपलब्ध नही पाये गये। जिसपर हास्पिटल संचालक को नोटिस दिया गया। इसके बाद टीम गायत्री पॉलीक्लीनिक कोडर दुवरा चौराहा पहुँची जहाँ निरीक्षण करने पर उक्त पॉलीक्लीनिक पंजीकृत था किन्तु मौके पर चिकित्सक उपलब्ध नही पाया गया। जिसपर हास्पिटल को नोटिस तामील करायी गयी। टीमद्वारा दिनांक 11-12-2023 को गगनदीप हास्पिटल मल्टीस्पेशिलिटी समदा रोड मंझनपुर कौशाम्बी का भ्रमण की थी। जहाँ हास्पिटल तो पंजीकृत था किन्तु मौके पर चिकित्सक नदारद थे। जिसपर टीम द्वारा उक्त हास्पिटल को भी नोटिस दी गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कौशाम्बी डा० सुष्पेन्द्र कुमार ने मीडिया के माध्यम से समस्त निजी चिकित्सालय के संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि जिन मानकों के आधार पर पंजीकरण कराया गया है उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। मानक के विपरीत पाये जाने पर सम्बन्धित निजी प्रतिष्ठानों के पंजीकरण निरस्त की कार्यवाही की जायेगी। इसी के साथ सीएमओ ने समस्त संचालकों को यह भी निर्देश दिया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी कार्यालय के पत्र द्वारा दानिक संस्थाओं का विवरण डिस्प्ले कराये जाने के निर्देश दिये गये है उसका अनुपालन भी निजी चिकित्सालय करते हुये 03 कार्य दिवस मे अपने-अपने चिकित्सालय के नैदानिक संस्थाओं का विवरण डिस्प्ले कराना सुनिश्चित करें। भविष्य मे यदि टीम के निरीक्षण मे विवरण प्रदर्शित नही पाया जाता है तो भी सम्बन्धित नैदानिक संस्थाओं के पंजीकरण निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है। यदि किसी चिकित्सालय के पास नमूना न हो तो वे पुनः सीएमओ कार्यालय, कौशाम्बी से उक्त नमूना प्राप्त कर सकतें है।

## एक न्यूड वीडियो काल से युवक ने गवा दिए 11 लाख

**साइबर क्राइम से रहें सावधान एसपी बन ठग ने मांगे रुपए**

**कौशाम्बी।** जिले के एक युवक से साइबर ठगों ने 11 लाख रुपये से अधिक की रकम एक न्यूड वीडियो काल कर रिकार्डिंग कर ली और एसपी बनकर ब्लैकमेल कर रुपए अपने खाते मे ट्रांसफर करा लिये।भुक्तभोगी की शिकायत पर पुलिस ने 3 अज्ञात ठगो के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के चतुरीपुर गाव के रहने वाले शिव नारायण सिंह पुत्र रामसिंह को 8 दिसंबर को एक अज्ञात महिला ने वीडियो काल रात करीब 8 बजे किया। शिव नारायण सिंह के मुताबिक महिला वीडियो काल के दौरान नग्न हालत मे थी। जिस काल को उन्होने महिला की हालत देख फोन डिसकनेक्ट कर दिया। कुछ देर बाद महिला ने दोबारा वीडियो काल किया। जिसको पीड़ित ने रिसीव कर लिया। इस बार महिला पीड़ित के काल उठाते ही अश्लील बात करने लगे। जिसे उन्होने कुछ देर बाद कट कर मोबाइल बंद कर लिया। शिव नारायण सिंह ने बताया, 3 दिन बाद उसके नंबर पर एक अन्य नंबर से एक व्यक्ति का वीडियो काल आया। वह व्यक्ति पुलिस की वर्दी मे था। उसने अपना परिचय एसपी विक्रम सिंह राठौर के रूप मे दिया। इसके बाद वीडियो काल मे ही 3 दिन पहले हुई न्यूड वीडियो काल का जिक्र कर उसका चेहरा देखने की बात कहने लगा। जिस पर उन्होने डर के मारे ठीक वैसा ही किया जैसा आरोपी शख्स ने कहा। खुद को एसपी बताने वाले आरोपी ने पीड़ित से उनका वीडियो वायरल होने की बात कह कर उसे जल्द डिलीट कराने की बात कही। जिसमे उसने यूट्यूबर का नंबर दिया। जिससे बात करने पर आरोपियों ने पुलिस से बचाने के नाम पर कई बार मे अपने अलग अलग बैंक खाते मे रुपये मगाए। आरोपियों ने उनसे 11 लाख 10हजार रुपये ठग लिया। पुलिस कार्यवाही के डर से वह अपने रिस्तेदारों से रुपये उधार लेकर आरोपियों के खाते मे भेजते रहे। पीड़ित ने ठगो के जाल मे फस कर अपना एक खेत भी बेच दिया है। खेत बेचने के बाद रकम घर मे न देने पर परिजनो ने पड़ताल की तो शिव नारायण की हालत का पता लोगो को चला। जिसके बाद मामले की शिकायत 11 दिसंबर को थाना पुलिस से की गई। एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया, पीड़ित की शिकायत पर थाना सैनी मे 3 लोगो के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज किया गया है। शिकायती पत्र में आरोपी बनाए गए एसपी विक्रम सिंह राठौर, बैंक खाता धारक मानसी प्रजापति, एवं एक अन्य मोबाइल नंबर वाले व्यक्ति आरोपी बनाए गए है। घटना के गुनाहगारों को पकड़ने के लिए साइबर एवं एसओजी टीम को सक्रिय किया गया है,जल्द सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## महिला के घर में दबंगो ने जबरिया किया कब्जा एसडीएम से शिकायत

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के मंझनपुर कोतवाली अंतर्गत मालक पिंजरी गांव के मजरा चकिया की दलित महिला दुखिया पत्नी उदय भान अपने एक बेटी के साथ गांव के अपने पैतृक घर में रह रही है महिला का पति उदयभान कई वर्षों पूर्व एक दूसरी महिला को लेकर दिल्ली भाग गया है और दूसरी महिला के साथ वह दिल्ली में रह रहा है पति के जाने के बाद दुखिया अपने बेटी के साथ इस घर में रह रही है गांव के कुछ दबंग जबरिया घर खाली करने के लिए दबाव बना रहे हैं आए दिन दलित महिला उसकी बेटी के साथ मारपीट करना उन्हें गाली गलौच करना दबंग की आदत में शुमार हो गया है दबंग का कहना है कि उसने यह मकान 10 के स्टाफ में लिखा पढ़ी करके खरीद लिया जबकि महिला का कहना है कि उसे प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर उसका हस्ताक्षर लगवा कर दबंग दस रुपए का स्टाम्प ले गए थे और उसी स्टाम्प में मकान खरीदने की बात लिख दी है दबंग कह रहे हैं कि वह मकान उसने खरीद लिया है अत्याचार की हद तो तब हो गई जब दलित महिला उसकी बेटी को मारपीट कर गाली गलौज कर उसको घर से धक्के मार कर बाहर फेंक दिया और महिला के घर में दबंगों ने ताला लगा लिया थाना पुलिस देखती रह गई पति के संपत्ति पर काबिज दलित महिला से मकान खाली करने के लिए दबंग आए दिन जोर जबरदस्ती जुल्म अत्याचार कर रहे हैं जिससे महिला और उसकी बेटी पीड़ित है लेकिन दबंगों के अत्याचार पर रोक नहीं लग सकी पीड़ित दलित महिला ने मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू से की है जिस पर उन्होंने चौकी इंचार्ज को नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## तेज रफ्तार डम्फर ने बाइक सवार को रौंदा इलाज के दौरान एक की मौत एक गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी** जिले में तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवार युवकों को कुचल दिया,हादसे में दो बाइक सवार गंभीर घायल हो गए,जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा अभी भी गंभीर हालत में भर्ती है।युवक की मौत की सूचना जैसे ही परिजनो को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सपहा निवासी सिपाही लाल पुत्र लवकुश पटेल अपने किसी रिश्तेदार टोनू पुत्र जयसिंह पटेल के साथ कही से वापस घर जा रहे थे,तभी कोखराज थाना क्षेत्र के नियामतपुर कुटी के पास तेज रफ्तार बालू वाले डंफर ने बाइक सवारों को कुचल दिया,हादसे के बाद डम्फर चालक डंफर लेकर भाग गया और दोनो घायल वही सड़क पर तड़पते रहे। लोगो की सूचना पर सिंघिया चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहा सिपाही लाल की इलाज के दौरान मौत हो गई,जबकि टोनू की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। वहीं घटना के बाद परिजनों को सूचना मिली तो वह भी रोते बिलखते अस्पताल पहुंच गए। युवक की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

## 14 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**ग्राम पंचायत-गिरधरपुर, कुॅआडीह, अमिनीलोकीपुर, डहिया, कोसम ईनाम, सेमरहा, हटवा रामपुर मड़ूकी, सादिकपुर सेमरहा, जलीलपुर, मखऊपुर, कोसम खिराज एवं पलरा में होगा कार्यक्रम**

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-गिरधरपुर, कुॅआडीह, अमिनीलोकीपुर, डहिया, कोसम ईनाम व सेमरहा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा हटवा रामपुर मड़की, सादिकपुर सेमरहा, जलीलपुर, मखऊपुर, कोसम खिराज व पलरा में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 14 दिसम्बर 2023 को ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्लधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## भरवारी कस्बे में लगा लंबा जाम आम जनता हलकान

**होमगार्ड के जवान यातायात पुलिस और सिपाहियों की ड्यूटी यातायात नियंत्रित करने के लिए लगाए जाने के बाद नगर क्षेत्र में लगने वाले जाम में क्या इन पुलिस कोमियो की जवाबदेही तय की जाएगी।**



**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के बस स्टॉप रोड पर आए दिन भीषण जाम लगता है घंटे जाम के बीच में फंस जाते हैं बीमार और एंबुलेंस भी जाम में फस जाती है स्कूली बच्चे भी जाम में घंटे फस जाते हैं जिससे आम जनता को आवागमन में भारी दिक्कत होती है बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज तक लम्बा जाम लग गया स्थिति इतनी खराब थी कि जान के बीच से पैदल निकलना भी मुश्किल था काफी प्रयास के बाद भी जाम में आम जनमानस घण्टो फंसे रहे मौके पर पुलिस की भी व्यवस्थाएं ठीक नहीं थी कस्बे में यातायात नियंत्रण करने के नाम पर यातायात पुलिस होमगार्ड के जवानों की ड्यूटी लगाई जाती है चौकी पुलिस भी यातायात नियंत्रण के लिए लगाई जाती है लेकिन कस्बे में आए दिन भीषण जाम लगता है और जाम से निजात के लिए सुरक्षा में लगे होमगार्ड के जवान यातायात पुलिस और चौकी पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं करती है जिससे भरवारी कस्बे में लगने वाला जाम लाइलाज हो गया और आवागमन में लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है रेलवे फाटक के पास आड़ी तिरछी खड़ी करके विक्रम ई रिक्शा वाले सवारी भरते हैं जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है यातायात नियंत्रण करने के लिए लगाए गए होमगार्ड के जवान यातायात पुलिस और चौकी पुलिस मौज मस्ती करते हैं वाहनों से अवैध वसूली का इन पर आरोप है आड़ा तिरछा विक्रम ई रिक्शा खड़े करने वाले चालकों पर कार्रवाई नहीं होती है इतना ही नहीं यातायात नियंत्रण के लिए ड्यूटी पर लगाए गए पुलिसकर्मियों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती है जिससे नगर क्षेत्र का जाम लाइलाज हो गया है आखिर होमगार्ड के जवान यातायात पुलिस और सिपाहियों की ड्यूटी यातायात नियंत्रित करने के लिए लगाए जाने के बाद नगर क्षेत्र में लगने वाले जाम में क्या इन पुलिस कोमियो की जवाबदेही तय की जाएगी या फिर ड्यूटी लगाए जाने के बाद भी नार क्षेत्र के लोग जाम के झाम से जूझते रहेंगे यह नगर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

## न्यूज झरोखा

### 9 हरे पेडों को राजा नाम के लकड़ी माफिया ने काट डाला



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर चौकी के अंतर्गत एक गांव में रात में 9 हरे पेडों को राजा नाम के लकड़ी माफिया ने काट डाला ईमानदारी का चोला ओढे वन रेंजर व नवागत चौकी प्रभारी हरे भरे पेड़ के कटान पर लगाम नही लगा पा रहे है पूरी हरी भरी बाग में बिना परमिशन के अवैध रूप से पांच दिन से लगातार हरे पेड़ो की कटान चल रही हैं लेकिन पुलिस और वन विभाग को तनिक भनक नही लगी पेड़ कटान की वन विभग को ग्रामीणों ने सूचना दी लेकिन जब तक वन कर्मचारी पहुचे तब तक दो हरे नीम के पेड़ कट चुके थे इतना ही नही अभी रात में नीम के पेड़ कटे जा रहे है आखिर हरियाली नष्ट करने वाले लकड़ी माफिया पर कब करवाई होगी।

### पूर्व विधायक ने वैश्य संकल्प रैली में लखनऊ चलने के लिए मनौरी वैश्य समाज के लोगो को किया आमंत्रण



**कौशाम्बी।** वैश्य संकल्प रैली हेतु तैयारी व लखनऊ चलने के लिए मंगलवार को पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने बाजार के व्यापारियों व वैश्य समाज के लोगो को कार्यक्रम में प्रतिभाग लेने के लिए आवाहन किया 17 दिसम्बर दिन रविवार को लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेडियम में होने वाले वैश्य संकल्प रैली की तैयारियों की चर्चा पर पूर्व विधायक का मनौरी बाजार में आगमन हुआ उन्होंने बाजार के व्यपारियो व वैश्य समाज के लोगो से अपील की है कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा जनसंख्या में लखनऊ वैश्य संकल्प रैली में सम्मिलित हो। बाजार के व्यापारी वैश्य समाज के लोगो ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए रैली में चलने की हुंकार भरी है अखिल भारतीय वैश्य सभा के जिलाध्यक्ष रतन केशरवानी युवा भाजपा नेता के यहां बैठक हुई बैठक में बाजार के शंभूलाल केशरवानी वरिष्ठ भाजपा नेता ,व्यापार मंडल अध्यक्ष मनौरी सुधीर केशरवानी ,राजू केशरवानी , मदन कुमार केसरवानी,गौतम गुप्ता ,रवि केशरवानी पूर्व प्रधान ,रजत केशरवानी युवा व्यापार मंडल, प्रमोद केशरवानी ,रिंकू केशरवानी एसपी ,मुन्ना केशरवानी ,भारत लाल ,बलराम साहू ,सुनील साहू आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।

### पावरा गांव में किया गया चौपाल का आयोजन




**करारी कौशाम्बी।** मंझनपुर बिकास खंड के ग्राम पंचायत पवारा में ग्राम चौपाल का आयोजन मंगलवार को किया गया ग्राम चौपाल के आयोजन में तमाम ग्रामीण पहुंचे और उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में अधिकारियों ने जानकारी दी कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी देवेंद्र ओझा एडीओ पंचायत कमलाकांत मिश्र एडीओ समिति नसर भूतपूर्व प्रत्याशी सुरेश नागर चौधरी दिलीप अग्रहरि कमल कुशवाहा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया करारी के मैनेजर सहित तमाम लोग गांव चौपाल में उपस्थित हुए और सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

### ठंड से बचाव हेतु असहाय व वृद्धजनों को वितरित किए गए कंबल



**कौशाम्बी** सिराथू तहसील के कड़ा कुबरी एवं कालेश्वर गंगा घाट पर असहाय वृद्धजनों एवं जरूरत मंद लोगों को बुधवार को कंबल वितरित किए गए। बताते चले की दारानगर कस्बे में स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर दारानगर के प्रबंधक स्वर्गीय हनुमान प्रसाद मोदनवाल एवं स्वर्गीय कृष्णा देवी मोदनवाल की प्रेरणा से उनके पोते देवांश मोदनवाल की ओर से शक्तिपीठ कड़ा धाम के कुबरी घाट एवं कालेश्वर घाट में ठंड से बचाव हेतु असहाय निराश्रित एवं वृद्ध जनों को कंबल वितरित किए गए । कंबल पाकर निराश्रित एवं असहाय के चेहरे खिले उठ उठे कंबल वितरण के दौरान गंगा गोमती संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी विनय पांडे, भाजपा नेता बम भोला पंडा , श्यामू सोनकर , मोहम्मद अफसर आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्री प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार का जनपद भ्रमण आज

**कौशाम्बी।** जनपद के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री कारागार, उ0प्र0 सुरेश राही दिनांक 14 दिसम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11:30 बजे माँ शीतला गेस्ट हाउस, सयारां पहुँचेंगे। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री मध्यान्ह 12 बजे विकास खण्ड सिराथू की ग्रामसभा-गिरधरपुर में ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।प्रभारी मंत्री अपरान्ह 01 बजे ग्रामसभा-हटवारामपुर मडूकी में ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यकम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री अपरान्ह 04 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 18 एवं 19 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 खेललीग के अन्तर्गत जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18 एवं 19 दिसम्बर 2023 को ग्रामीण स्टेडियम गिरसा, विकास खण्ड सिराथू में आयोजित किया जायेंगा, जिसमें 21 से 25 नवम्बर 2023 के बीच समस्त विकास खण्डों में आयोजित विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेंगा। यह जानकारी प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री अंशु मिश्रा ने देते हुए बताया कि यह प्रतिभाग विधा और आयुवर्ग के आधार पर ही होगा।

## पत्रकारों का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त : भारतीय पत्रकार संघ



**कौशांबी।** भारतीय पत्रकार संघ के बैनर तले बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार सुशील केसरवानी राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री के नेतृत्व में एक बैठक जनपद मुख्यालय मंझनपुर के जिलाधिकारी आवास के पास सम्पन्न हुई बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने पत्रकार साथी राकेश केसरवानी मनौरी के भाई की असमय मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की है इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि निष्पक्ष और सत्य समाचार के प्रकाशन पर किसी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पत्रकारों के सत्य निष्पक्ष खबर प्रकाशित करने पर ब्यवधान डालने वाले और पत्रकारों को प्रताड़ित करने वाले लोगों को मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा पत्रकारों ने कहा कि सभी पत्रकार साथी निर्भीकता के साथ निष्पक्ष और सत्य समाचार प्रकाशित करें किसी से डरने की जरूरत नहीं है भ्रष्टाचार में लिप्त कुछ अधिकारियों की चर्चा बैठक के दौरान पत्रकार साथियों ने की पत्रकारों ने बताया कि कुछ अधिकारी ऐसे हैं जो सत्य खबर प्रकाशित करने पर उसे रोकने का नाजायज दबाव बनाते हैं और सत्य खबर ना रोकने पर पत्रकारों को फर्जी मुकदमे में झूठे तरह से फसाने और प्रताड़ित करने का प्रयास करते हैं इस मामले को पत्रकारों ने गम्भीरता से लिया है और सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि भ्रष्टाचार में लिप्त इन अधिकारियों की शिकायत सूबे के मुख्यमंत्री से की जाएगी बैठक के दौरान सुबोध केसरवानी गणेश साहू मदन केसरवानी सुशील मिश्रा बबलू शशि भूषण सिंह संतलाल मौर्य विष्णु सोनी अजीत कुशवाहा रजनीश रामबाबू सतव्रत मुन्ना यादव पुष्पेंद्र तिवारी उर्फ नेता तिवारी राजकुमार बृजेंद्र केसरवानी मनजीत सिंह अनिल कुमार सोनू वर्मा शैलेंद्र मौर्य रितेश जायसवाल सियाराम सिंह उत्तम मिश्रा सहित तमाम पत्रकार साथी मौजूद है।

## संपादक की कलम से

# भारतीय रिजर्व बैंक को अब ब्याज दरों में कटौती के बारे में सोचना चाहिए

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक 8 दिसम्बर 2023 को समाप्त हुई और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन न करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर यथावत बनाए रखा है, क्योंकि मुख्य रूप से भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में बनी हुई है। हालांकि अभी यह देश के मध्यावधि लक्ष्य 4 प्रतिशत के अंदर नहीं आई है। परंतु, भारतीय अर्थव्यवस्था जिस गति से आगे बढ़ रही है, इसे देखते हुए एवं आर्थिक विकास की दर को और अधिक गति देने के उद्देश्य से अब भारत में ब्याज दरों को कम किये जाने का समय आ गया लगता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर का 4 प्रतिशत से अधिक बने रहने के पीछे मुख्य कारण तेल एवं खाद्य पदार्थों (फल, सब्जी, आदि) में अचानक वृद्धि होते रहना है। अन्यथा, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर तो लम्बे समय से रिणात्मक बनी हुए है एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मूल मुद्रा स्फीति की दर भी पूर्ण रूप से नियंत्रण में है।

हां, वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिस्थितियां जरूर भारत में ब्याज दरों को कम करने के पक्ष में नजर नहीं आ रही हैं। चीन सहित, विश्व के कई देशों में आर्थिक विकास दर कम हो रही है एवं इन देशों में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों को अभी भी ऊंची दरों पर बनाए रखा गया है। इसी माह अमेरिका में सम्पन्न हुई फेडरल रिजर्व की बैठक में फेड रेट में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। चूंकि अन्य देशों में ब्याज की उच्च दर अभी भी बनी हुई है अतः अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव बना हुआ है। इन परिस्थितियों के बीच यदि भारतीय रिजर्व बैंक भारत में ब्याज दरों को कम करता है तो भारतीय रुपए पर दबाव और अधिक बढ़ेगा। अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की दर में सुधार जरूर दृष्टिगोचर है। अमेरिका में तो अभी हाल ही में सोवरेन बांड प्रतिफल में गिरावट भी दर्ज हुई है एवं अमेरिकी डॉलर की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कुछ कम हुई है। इससे कई देशों के पूंजी (शेयर) बाजार मजबूत हुए हैं। अतः अब आगे आने वाले समय में इन परिस्थितियों के बीच विश्व के विभिन्न देशों द्वारा ब्याज दरों में कमी किए जाने की सम्भावना बढ़ती जा रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था को तो इससे अत्यधिक लाभ होगा। ब्याज दरें कम होने से भारतीय उद्योग द्वारा निर्मित किए जाने वाले उत्पादों की उत्पादन लागत कम होगी और भारत में निर्मित होने वाले उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बन जाएंगे, इससे इन उत्पादों का भारत से निर्यात बढ़ेगा।

भारत में आंतरिक आर्थिक परिस्थितियां लगातार अनुकूल बनी हुई हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के बाद द्वितीय तिमाही में भी 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। यह वृद्धि दर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्तर के वित्तीय संस्थानों एवं भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व अनुमानों से कहीं अधिक है। भारत में लगातार बढ़ रहे निवेश एवं केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे पूंजीगत एवं अन्य खर्च में अपार वृद्धि के चलते सम्भव हो पा रहा है। विनिर्माण एवं निर्माण गतिविधियों में अतुलनीय वृद्धि के चलते दूसरी तिमाही में विकास दर अत्यंत आकर्षक रही है।

# भाजपा गढ़ रही है राजनीति की नयी परिभाषा



भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में ऐतिहासिक जीत के बाद जिस प्रकार मुख्यमन्त्री पद पर चौंकाने वाले नामों के फैसले लेकर सबको चकित किया हैं, उनसे स्पष्ट है कि यह पार्टी राजनीति की नयी परिभाषा गढ़ने के साथ जमीनी कार्यकताओं को भविष्य के नेता बनाने के लिये तत्पर है। पार्टी एवं विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम जनता को सन्देश दे रहे हैं कि साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी में एक दिन ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव और आज राजस्थान में श्री भजनलाल शर्मा को जिस तरह मुख्यमन्त्री का पद सौंपा गया है उससे यह भी साफ करने की कोशिश की गई है कि कोई भी अपनी लोकप्रियता का ढिंढोरा पीटकर और विधायकों को अपनी जेब में रखने का भ्रम दिखा कर मुख्यमन्त्री बन सकता है तो भाजपा आलाकमान उसकी यह दादागिरी बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा में गढ़ी जा रही नयी राजनीतिक परिभाषाएं ही उसके प्रचंड जीत का आधार बन रही है। भाजपा नेतृत्व में सिर्फ औरो पर हुकूमत नहीं की जाती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास के आधार राजनीति धरातल को मजबूती दी जाती है। सबके अस्तित्व को नकार कर सिर्फ स्वयं के होने की प्रस्तुति कभी नेतृत्व एवं कर्तृत्व के कद को ऊंचाई दे सकती।

भाजपा ने न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं, वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से ताजगी का अहसास किया जा सकता है। राजनीति किन्हीं नेताओं की बपौती नहीं है, यह बात मोदी जैसे नेता ही सिद्ध कर पाये हैं। वरना भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो राजनीति से घबराने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सिद्ध कर दिया कि यहां कुछ भी असंभव नहीं। अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकताओं तक एक खुशखबरी की तरह पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है। इससे लोकतंत्र भी मजबूत होता है और अपने वास्तविक एवं आदर्श स्वरूप को आकार देने का पात्र बनता है। मोदी ने अपने नाम पर प्रादेशिक चुनाव लड़कर एवं जीतकर एक नयी प्रकार की राजनीति को विकसित करने का धरातल तैयार कर दिया है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान की राजनीति में अब पीढ़ी परिवर्तन का बिगुल बज गया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे बारी- बारी सत्ता संभालते आ रहे थे और सत्ता छोड़ने को तैयार नहीं थे, ऐसे में उनको निराशा हाथ लगी है। अब व्यक्तिवादी राजनीति का युग समाप्ति की ओर अग्रसर है, यह भारत में राजनीति को अधिक स्वच्छ, आदर्श एवं दमदार बनायेगा।

इस बार के चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि जिस व्यक्ति को भी श्री मोदी का आशीर्वाद प्राप्त होगा और जिसे नवनिर्वाचित विधायक पसन्द करेंगे वही मुख्यमन्त्री होगा। भाजपा ने ये चुनाव प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा आगे रख कर लड़े थे और स्वयं श्री मोदी ने अपनी गारंटी देकर लोगों से वोट मांगे थे। तीनों मे से किसी एक राज्य में भी संभावित मुख्यमन्त्री का चेहरा रखकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश नहीं की गई थी। इससे चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि इस बार मुख्यमंत्री के नाम न केवल चौंकायेंगे बल्कि सुखद अहसास का सबब भी बनेंगे। राजस्थान में इसके कहीं कोई आसार नहीं दिख रहे थे कि पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बन सकते हैं। वैसे तो भाजपा इस तरह के चकित करने वाले फैसले पहले भी करती रही है, लेकिन इस बार उसने कुछ ज्यादा ही चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले फैसले लिए। भाजपा ने इन तीनों राज्यों की कमान केवल नए चेहरों को ही नहीं थमाई, बल्कि उन नेताओं को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनाया, जो अपेक्षाकृत युवा हैं और पार्टी की विचारधारा से गहरे से जुड़े रहने के साथ जमीनी स्तर पर काम करते रहे हैं। महिला नेतृत्व को भी आगे लाया गया है। ऐसे नेताओं को आगे करके भाजपा ने यही संदेश दिया कि वह एक ऐसा दल है, जिसके सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और लगन से उच्च पद पर पहुंच सकते हैं। ऐसा कोई संदेश न तो परिवारवाद को प्रश्रय देने वाली कांग्रेस दे सकने में समर्थ है और न ही क्षेत्रीय दल।

अनेक नये प्रयोगों के माध्यम से भाजपा खुद को मजबूत बना रही है एवं राजनीति की विसंगतियों एवं विडम्बना को दूर करने की गाथा भी लिख रही है। उसने इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्रियों के चयन में समाज के विभिन्न वर्गों की आकांक्षाओं का भी ध्यान रखा। इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के चेहरों के जरिये भाजपा ने जिस तरह अपने सामाजिक समीकरण मजबूत किए, उससे उसके विरोधियों के इस तरह के आरोपों की हवा निकल गई कि वह अमुक अमुक वर्ग की उपेक्षा करती है। दलित, आदिवासी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के नेताओं को उचित प्रोत्साहन देकर भाजपा ने यह और अधिक अच्छे से रेखांकित किया कि वह समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करती है। भाजपा न केवल मतदाताओं के दिलों को जीतने के मामले में अन्य दलों से कहीं अधिक आगे नजर आने लगी है, बल्कि नेताओं की नई पीढ़ी को तैयार करने और उन्हें अवसर देने के मामले में भी उसने नई लकीरें खींची है। स्पष्ट है कि इससे उसके सामान्य कार्यकताओं में उत्साह का कहीं अधिक संचार हुआ है और मतदाता भी उत्साहित एवं हर्षित दिख रहा है। जहां राजनीति दलों के नेताओं एवं मतदाताओं की निष्ठा का समन्वय नहीं होता, वहां उनकी मानसिकता में या तो दब्बुपन, कायरता, हीनता, भय, तनाव पैदा हो जाती है या फिर वे अति लापरवाह, निस्संकोच, मुंहफट, ढीठ हो जाते है, ऐसी स्थितियों में असंतोष, विरोध, विद्रोह ही पनपते हैं।

नरेन्द्र मोदी के साथ अमित शाह ने भाजपा के जमीनी कार्यकताओं को पिछले कुछ वर्षों में यही संदेश दिया है कि वे पार्टी की मजबूती के लिए बूथ लेवल पर मेहनत करेंगे तो समय आने पर उनको उनका मेहनताना दिया जाएगा। भले ही वह विष्णुदेव साय जैसा जमीनी कार्यकर्ता हों। अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा भी था, विष्णुदेवजी हमारे अनुभवी कार्यकर्ता हैं, नेता हैं, सांसद रहे, विधायक रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे। एक अनुभवी नेता को भाजपा आपके सामने लाई है। आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे।ह्न मुख्यमंत्री बनाकर अमित शाह ने सचमुच उन्हें बड़ा आदमी बना दिया है। इसी तरह की सोच की वजह है कि भाजपा केंद्र में भी 2014 से लगातार सत्ता में बनी हुई है और राज्य स्तर पर भी अपनी धमक दिखा रही है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सीएम और डिप्टी सीएम पद के लिए चुने गए नए नाम 2024 की रणनीति के तौर पर भी देखे जा रहे हैं। भाजपा को सत्ता में बनाए रखने के लिए मोदी-शाह फॉमूर्ला एकदम साफ है कि उसके नेताओं की साफ-सुथरी छवि होनी चाहिए, आरएसएस से संबंध होना चाहिए, युवाओं को आगे लाने की कोशिश होनी चाहिए, लीडरशिप में नई पीढ़ी को उतारना मकसद हो, सीएम और 2 डिप्टी सीएम फॉमूर्ला हिट है एवं जातियों का समान प्रतिनिधित्व होना चाहिए। ये वो फॉमूर्ला है, जिसके दम पर भाजपा राज्यों में अपनी पकड़ बनाकर रखती है और केंद्र में जीत के लिए रास्ता साफ करती है। अगर आप तीनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री पदों पर बैठने वाले व्यक्तियों को देखें तो, उनके चुने जाने की पहली वजह है साथ सुथरी छवि। तीनों ही सीएम पर किसी तरह का कोई गंभीर आरोप नहीं है, जो पार्टी के लिए मुसीबत बन सके। तीनों ही सीएम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे हैं।

प्रेषकः
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई पी एक्सटेंसन, पटपड़गंज**

# जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए हटने की बहस पर पूर्ण विराम

**मृत्युंजय दीक्षित**

भारत की संप्रभुता और जम्मू कश्मीर प्रान्त के लिए 11 दिसंबर 2023 एक ऐतिहासिक दिन बनकर आया। इस दिन उच्चतम न्यायालय की पांच जजों की संविधान पीठ ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाने के निर्णय को वैध ठहराते हुए कहा कि यह एक अस्थाई धारा थी जिसे आज नहीं तो कल हटना ही था। मुख्य न्यायाधीश वाई वी चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था थी। अदालत ने कहा कि भारत का संविधान जम्मू कश्मीर के संविधान से ऊंचा है और अनुच्छेद- 370 को बेअसर करने से जम्मू कश्मीर को भारत के साथ जोड़ने की प्रक्रिया मजबूत हुई है। न्यायाधीश चंद्रचूड़ जी ने कहा कि धारा 370 को हटाना संवैधानिक रूप से वैध है और केंद्र सरकार का निर्णय बिल्कुल सही है।

उच्चतम न्यायालय ने अपने निर्णय में कई महत्वपूर्ण व ऐतिहासक टिप्पणियां की हैं जिनमे कहा गया है कि विलय पत्र पर हस्ताक्षर होने के बाद जम्मू कश्मीर के पास संप्रभुता का कोई तत्व नहीं है। जम्मू कश्मीर के लिए कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है। राष्ट्रपति की शक्ति का प्रयोग राष्ट्रपति के शासन के उद्देश्य के साथ उचित संबंध होना चाहिए। न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि जब संविधान सभा भंग कर दी गई तो सभा की केवल अस्थायी शक्ति समाप्त हो गई और राष्ट्रपति के आदेश पर कोई प्रतिबंध नहीं रहा। राष्ट्रपति द्वारा सत्ता का उपयोग दुर्भावनापूर्ण नहीं था और राज्य के साथ किसी सहमति की आवश्यकता नहीं थी। राष्ट्रपति द्वारा सत्ता का निरंतर प्रयोग दशार्ता है कि एकीकरण की प्रक्रिया जारी थी और इस प्रकार से सीओ 273 अवैध है। जम्मू कश्मीर का संविधान क्रियाशील है और इसे निरर्थक घोषित कर दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा और हम लद्दाख को अलग करने के फैसले को बरकरार रखते हैं। उच्चतम न्यायालय ने अंत में कहा कि हम चुनाव आयोग को निर्देश करते हैं कि पुनर्गठन अधिनियम और राज्य के दर्ज 14 की धारा के अंतर्गत 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराये जायें।

न्यायालय ने एक यह व्यवस्था भी दी है कि राज्य में 1980 के बाद हुई सभी प्रकार की आतंकवादी /पलायन की घटनाओं की जांच के लिए एक कमेटी बनायी जाये जो एक अत्यंत महत्वपूर्ण बात और कश्मीरी पंडितों के लिए न्याय प्राप्ति का मार्ग खोलती है। इस व्यवस्था के आने के बाद 1980 के बाद घाटी में कश्मीरी पंडितों के साथ जो वारदातें हुई हैं उनकी जांच अब की जा सकेगी । उच्चतम न्यायालय की इस बेंच की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश वाई वी चंद्रचूड़ कर रहे थे तथा बेंच में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल थे।

जस्टिस कौल की ऐतिहासिक टिप्पणी झ्र जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 पर अपने फैसले में जस्टिस संजय किशन कौल ने कश्मीरी पंडितों के पलायन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हाने 1980 से राज्य में हुए मानवाधिकारों के उल्लंघन की जांच के लिए एक सत्य और सुलह आयोग बनाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यह आयोग आपराधिक जांच आयोग की तरह काम नहीं करेगा। जस्टिस कौल का मानना है कि आतंक के चलते राज्य की महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने बहुत कुछ झेला है।इसे भुलाकर आगे बढ़ने के लिए जख्मों को ठीक करने की जरूरत है। राज्य एवं राज्य से बाहर के तत्वों के द्वारा यहां के लोगों के विरुद्ध किये गये मानवाधिकारों के हनन की सामूहिक समझ विकसित करना ही मरहम लगाने की दिशा में पहला निष्पक्ष प्रयास होगा। आयोग के सहारे काफी हद तक उनकी क्षतिपूर्ति की जा सकती है। 5 अगस्त 2019 को गृहमंत्री अमित शाह द्वारा प्रस्तुत अनुच्छेद 370 व 35 ए को हटाने से सम्बंधित विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित हो जाने के बाद जम्मू कश्मीर राज्य के परिवारवादी नेता फारुख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसे लोग व कई अन्य संगठन इसके विरुद्ध उच्चतम न्यायालय पहुंच गये थे। उन सभी की याचिकाओं पर अगस्त से सितंबर माह के बीच 16 दिन चली सुनवाई के बाद यह ऐतिहासिक निर्णय आया है जिस पर पर सभी देशवासियों और राजनैतिक दलों सहित अलगाववादी नेताओं और पाकिस्तान की भी दृष्टि थी। .मुख्य न्यायाधीश वाई. वी. चंद्रचूड़ वाली खंडपीठ के फैसले के बाद पाक परस्त अलगाववादी नेताओं व कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष के पैरों तले जमीन खिसक गयी है। उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद -370 व 35- ए को हटाने का निर्णय वैध बताये जाने के बाद जहाँ एक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के निर्णय को अब संवैधानिक मान्यता मिल गयी है वहीं दूसरी और कांग्रेस सहित उस संपूर्ण विपक्ष की राजनीति को बहुत गहरा आघात लगा है जो राष्ट्रीय संप्रभुता के इस विषय को भी तुष्टिकरण की राजनीति के चश्मे से देख रही थी।

अनुच्छेद 370 पर विपक्षी नेता और अलगाववादी जो अनर्गल प्रश्न उठा रहे रहे थे उन सभी प्रश्नों का उत्तर उच्चतम न्यायालय ने दे दिया है और यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अब धारा 370 पर पूर्ण विराम लग चुका है। उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद अब जम्मू कश्मीर देश के अन्य राज्यों की तरह समान व्यवस्था वाला राज्य बन गया है। उच्चतम फैसला आ जाने के बाद जम्मू कश्मीर के गुपकार गठबंधन के नेताओं व अलगावादियों के होश उड़ गये हैं । जम्मू कश्मीर में गुपकार गठबंधन के सभी नेता जिस प्रकार अदालत के निर्णय को मानने से इनकार करते हुए जिस प्रकार एक लंबे संघर्ष की बात कर रहे हैं वह एक चिंतनीय विषय है। उच्चतम निर्णय पर पाकिस्तान से भी प्रतिक्रिया सामने आ गयी है और वहां पर खलबली मची है।

उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स पर लिखा कि अनुच्छेद -370 को निरस्त करने का निर्णय ऐतिहासिक है। यह जम्मू कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाईयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। न्यायालय ने अपने गहन ज्ञान से एकता के मूल सार को मजबूत किया है। जिसे हम भारतीय होने के नाते बाकी सबसे प्रिय मानते हैं और संजोते हैं।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित कई भाजपा नेताओं ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि यह निर्णय राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेगा। अनुच्छेद -370 के कारण जम्मू कश्मीर में वर्षों से अन्याय सह रहे लोगों को इस निर्णय से मुक्ति मिली है।

**राज्य में विकास का नया सूर्योदय- अनुच्छेद -** 370 के रद्द किये जाने के बाद से ही जम्मू कश्मीर में विकास की राह खुली है पर अब उच्चतम न्यायालय का निर्णय आ जाने के बाद वहां विकास का नया सूर्योदय होने जा रहा है। वर्ष 2024 में कश्मीर घाटी तक ट्रेन पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जम्मू कश्मीर में सड़कों, पुलों एवं सुरंगो के निर्माण से तस्वीर बदल रही है। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए हर साल पहुंचने वाले एक करोड़ श्रद्धालुओं के लिए दिल्ली -अमृतसर- कटरा एक्सप्रेस वे को मंजूरी दी है। जम्मू कश्मीर राज्य भी तीव्र गति से डिजिटल हो रहा है और कई योजनाएं व सेवाएं ई- मोड पर उपलब्ध हो चुकी हैं। पर्यटन उद्योग को विकास के नये पंख लग रहे हैं जिसके अंतर्गत जनवरी- 2022 से 31 दिसंबर 2022 तक राज्य में एक करोड़ 88 लाख 84 हजार 317 रिकार्ड पर्यटक आये ।

# जाति जनगणना

संविधान ने जनगणना की इजाजत दी है या जाति जनगणना की ? यदि जाति जनगणना की अनुमति है तो फिर दो वर्षों से रुकी राष्ट्रीय जनगणना को जाति जनगणना का आकार प्रदान कर दीजिए ? बीजेपी सहित तमाम दल जातपात खेलने के पक्षधर हैं । तो संविधान सम्मत नेशनल सेंसेस को संविधान संशोधन के माध्यम कास्ट सेंसस में क्यूं ना बदल दिया जाए ? सुप्रीमकोर्ट पहले ही दखल देने के मूड में नहीं है ।

टुकटुक सुनार की एक चोट लुहार की । आरक्षण बढ़ाते जाने से तो अच्छा है कि एक बार में ही खेला हो जाए ? सुप्रीमकोर्ट के 50% से अधिक आरक्षण पर प्रतिबंध को मानता कौन है ? तमिलनाडु में दशकों से 69% आरक्षण चला आ रहा है । अब नीतीश ने 75% की आग लगाई है तो यह आग एक ही बार लग जाए पूरे देश में ? आखिर पहले भी तो बाबा साहेब द्वारा दिए गए 17.5% आरक्षण को मंडल की आग में पकाकर 50% तक ले जाया जा चुका है । तो फिर हो जाए तमाशा , अखाड़ा खुद जाए , लड़ो मेरे भाई , ढोल बजाओ मेरे भाई ? एक बात और बता दीजिए । यह सब सवर्णों को अल्पसंख्यक बनाने के लिए ही हो रहा है न ? कोई बात नहीं । 25% आरक्षण तो उन्हें मिल ही जाएगा । अन्यथा प्रतिभा पलायन हो जाएगा । बाकी दुनिया में प्रतिभा आरक्षित है , जाति नहीं । आज भी देश के करीब चार करोड़ इंडियन अवसरों की तलाश में विदेश जा चुके हैं । हर वर्ष जा रहे हैं । अधिकांश के पलायन के पीछे बढ़ता आरक्षण है , जिसने नौकरी के द्वार प्रतिभाओं के लिए आधे बंद




कर दिए हैं । दक्षिण भारत में देखिए । जब से 69% आरक्षण हुआ , तब से तमिलनाडु ही नहीं , दक्षिण के पांचों राज्यों में सवर्णों ने बड़े बड़े उद्योग लगा लिए हैं । पता लगाइए केरल को छोड़कर आज पूरे दक्षिण भारत में बाजार पर सवर्णों का कब्जा है । विषमता मिटाने और समरसता लाने का एकमात्र रास्ता राजनीति अगर जाति आरक्षण को मान रही है तो हम 75% आरक्षण के सबसे बड़े पक्षधर हैं । परंतु राजनीति यदि जाति आरक्षण के आधार पर हिंदुओं को बांटकर सत्ता हथियाने का ख्वाब देख रही है तो यह उसकी भारी भूल है । हिन्दू समाज को जातियों में बांटने का यह मतलब नहीं कि देश से 80% हिन्दुत्व टुकड़े टुकड़े हो जाएगा । जी नहीं जनाब , जातियों में बंटकर भी हिन्दू 80% ही रहेगा । अरे जिस हिन्दू को 1000 साल तक आक्रांता और अंग्रेज नहीं बांट पाए , उसे नीतीश , लालू , राहुल , अखिलेश , खड़गे और ममता क्या बांटेंगे ? करा लीजिए पूरे देश में जाति जनगणना । न हिन्दू बंटेगा और न हिन्दुत्व । हिन्दुत्व के साथ सभ्यता और संस्कृति का हिमालय संतरी सा अड़ा हुआ खड़ा है ।

**अवधेश प्रताप सिंह कानपुर उत्तर प्रदेश**

# मेल इन इंडिया युग

यह जानकर आश्चर्य हुआ कि जापान में आज जितनी सुजुकी गाडियां चल रही हैं , उसकी आधी भारत में बनी हैं । मतलब कंपनी जापान की मेक इन हिन्दुस्तान की । सुजुकी ही नहीं , विदेशी धरती पर दौड़ रही हौंडा और हुंडई पर भी मेड इन इंडिया का लेवल लगा है । भारत के मेक इन इंडिया अभियान का ऐसा असर पड़ा कि चीन से उठकर उद्योग लगातार भारत आ रहे हैं । भारत में बढ़ रहे यूनिकॉर्न और हजारों स्टार्ट अप देश की सूरत किस तरह बदल रहे हैं , इसे महसूस कीजिए ? ब्रिटेन को पछाड़ चुकी हमारी अर्थव्यवस्था कुछ ही वर्षों में जापान को पछाड़ने वाली है ।

क्या आप जानते हैं कि अगली बहार मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स की फील्ड में आने वाली है ? शुरू हो चुका है चीन का बाजार घटना । थोड़ा इंतजार कीजिए । वह दिन बहुत दूर नहीं , जब कारों की तरह दुनिया के अनेक देशों की जनता के हाथों में मेड इन इंडिया फोन नजर आएंगे । गौर कीजिए , मेड इन चाइना सामान अब भारत में भी घटने लगा है । भविष्य को भांपकर चीन खुद भी निर्माण के कुछ सैक्टर छोड़ रहा है । अर्थतंत्र बचाने के लिए चीन ने कई कदम उठाए हैं । भारत का नए नए क्षेत्रों में प्रवेश 2030 तक क्या गुल खिलाएगा , बस दिल थामकर देखते रहिए । चुनावी राजनीति छोड़िए , दिल की गलियों में उतरिए । जो लोग गले फाड़ फाड़ कर पूछते हैं कि इस सरकार ने कोई एक काम किया हो तो बताइए ? वैसे यह बात सरकार बताएगी या भाजपा । लेकिन मेड इन इंडिया को बढ़ावा और आयुष्मान कार्ड दो ऐसे काम हैं , जिन्होंने क्रांतिकारी परिवर्तन किया है । देश के करोड़ों लोगों को पांच लाख रुपए प्रतिवर्ष चिकित्सा के लिए मिल जाए तो गरीब एवं मध्यम वर्ग के लिए यह बहुत बड़ा वरदान है । मेड इन इंडिया , मेक इन इंडिया , स्टार्ट अप और बड़े बड़े यूनिकॉर्न के माध्यम से देश बहुत आगे बढ़ रहा है । कुछ दिन रुक जाइए , फिर सैन्य आयुधों और युद्धक विमानों की फील्ड भारत को विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल करा देगी ।

# नए सिरे से तैयार होगा चित्रकूट जिले का गजेटियर: डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में बुधवार को जिला गजेटियर तैयार किए जाने के सम्बन्ध में समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सामान्य परिचय, इतिहास कला एवं संस्कृति, लोक एवं समाज, जिला प्रशासन, पुलिस, न्याय व्यवस्था एवं अन्य विभाग, कृषि, बागवानी, सिंचाई, आर्थिक परिदृश्य, उद्योग, बैंकिंग, व्यापार एवं वाणिज्य तथा विधिक व्यवसाय, राजनीतिक परिदृश्य एवं स्थानीय स्वशासन, शिक्षा चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यटन, परिवहन एवं संचार एवं अन्य विविध बिंदुओं की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जनपद का पुराना गजेटियर अंग्रेजों के समय का बना हुआ था। जिसमें शासन द्वारा निर्देश दिए गए कि जनपद का अभी का गजेटियर बनाया जाए, उसी के अनुसार जिन बिंदुओं पर सूचना शासन द्वारा चाही गई है, सूचना प्रमाणिक हो। साथ ही उसी के आधार पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय को सूचनाएं एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश दिए कि एक कमेटी गठित करके सूचना का परीक्षण कराकर एक समिति की अलग से बैठक कराएं ताकि शासन को सही सूचना भेजी जा सके। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि जनपद का गजेटियर बनाया जाना है। जिसमें अपने विभाग से सम्बन्धित क्रियाकलापों, योजनाओं की सूचना उपलब्ध कराए। जिला गजेटियर समिति का जनपद में गठन हो गया है। उन्होंने कहा कि शासन से जो निर्धारित बिंदु गजेटियर बनाए जाने के लिए दिए गए हैं, उन्ही बिंदुओं पर सूचना उपलब्ध कराया जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, रेड क्रॉस सोसाइटी के केशव शिवहरे, प्रवक्ता इतिहास चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी राम बचन सिंह आदि मौजूद रहे।



## डीएम ने लिया बोर्ड परीक्षा की तैयारियों का जायजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में बुधवार को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद में वर्ष 2024 की परीक्षा के लिए बोर्ड द्वारा 35 परीक्षा केन्द्र प्रस्तावित किए गए हैं। जिनमें हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट के 24125 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिलाधिकारी ने गत वर्ष के सभी परीक्षा केन्द्रों के बारे में शिकायत, समस्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा नवीन प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों का सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक मौके पर जाकर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल आदि परीक्षा केन्द्र मानक को पूरा करता हो। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जिन परीक्षा केन्द्रों द्वारा धारण क्षमता कम करने के लिए अनुरोध किया गया है, उनका निरीक्षण करें एवं निर्देशित किए कि परीक्षा केन्द्र आसपास ही बनाए, ज्यादा दूरी न रहे।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किए कि जो निरीक्षण करें, उनसे आंख्या भी ले। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए कि वर्ष 2024 की परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर राम जन्म यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक एसके मिश्रा, तहसीलदार कर्वी अमित कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।




## नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शहर के एसएस डांस एकेडमी में छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों का डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रयागराज, कानपुर, इंदौर व भोपाल के 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

जिसमे की 20 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। अब इनके बीच सेमीफाइनल के लिए प्रतिस्पर्धा होगी। शंकर बाजार स्थित एसएस डांस एकेडमी में आयोजित डांस प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों का चयन समाज सेवी शानू गुप्ता ने किया।

उन्होंने निर्णायक की भूमिका अदा करते हुए विभिन्न शहरो से आये 20 प्रतिभागियों का चयन किया। जिसमे कर्वी निवासी वैष्णवी त्रिपाठी, अलौकिक, कान्हा लखेरा, इंदौर निवासी राहुल कुमार, कानपुर निवासी पंकज सिंह, राजकुमार, भोपाल निवासी अमित, कर्वी निवासी नवी गुप्ता, अंकुर कुमार, अजय सिंह, हिमांशु केसरवानी, रोहित कुमार, अंतरिका पटेल, आयुषी सिंह आदि हैं। डांस एकेडमी के संयोजक शिवा सोनी ने बताया कि 21 जनवरी को शहर के सीआईसी में सेमीफाइनल का आयोजन होगा।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए निकला प्रचार वाहन



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आर पी शुक्ला ने जनपद स्तर पर फसल बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रचार वाहन के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर कृषकों के मध्य योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा सके। फसल बीमा रथ को विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी समायोजित कर प्रचार-प्रसार किया गया।

## सपा नेता के बेटे ने फांसी लगाकर दे दी जान



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सपा के पूर्व सभासद के बेटे ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने के पहले उसने अपनी बहन को वीडियो कॉल किया और इसके बाद फांसी पर झूल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत भैरो पागा निवासी सपा नेता पूर्व सभासद राधेश्याम निषाद का बेटा बाबूलाल (18) मध्य प्रदेश के कटनी में अपनी बुआ के यहां निमंत्रण में गया था। वहां से बीते मंगलवार को लौटने के बाद बाबूलाल ने शाम के समय घर में खाना खाया और इसके बाद सोने के लिए कमरे चला गया।

इसके कुछ देर बाद बाबूलाल की बहन अर्चना ने अपने घर से मां बुटुआ देवी को फोन किया और बताया कि बाबूलाल ने वीडियो कॉल किया है। जिसमें वह फांसी लगा रहा है। यह सुनकर घरवालों के होश उड़ गए और भागकर सभी लोग कमरे में पहुंचे, किन्तु तब तक बाबूलाल फांसी से झूल चुका था। जिसे उतारकर परिवार के लोगों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम हाउस में बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामलखन निषाद, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज यादव, कुबेर निषाद आदि ने पहुंचकर पीडित परिवार को ढांढस बंधाया।

# जल जीवन मिशन की टीम को मिला पहला स्थान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चांदी बांगर एवं सिलौटा तथा रैपुरा परियोजनाओं के माध्यम से पूरे जनपद को हाउसहोल्ड कनेक्शंस द्वारा संतृप्त करने का कार्य लगभग अंतिम चरण में है। विशिष्ट प्रकार की चुनौतियों के बीच दिन-रात किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा जनपद से दिल्ली तक कुछ ऐसी पहुंची की जनपद के लिए एक गौरवान्वित करने वाला क्षण लेकर के आई। जनपद को पूरे देश में फास्टेस्ट मूविंग डिस्ट्रिक्ट का तमगा हासिल हुआ। इस अवसर पर जनपद के मिशन के कार्यों में लगे हुए अभियंताओं, कर्मचारियों, अधिकारियों एवं अन्य प्रशासनिक अमले में खुशी के लहर दौड़ गई। प्राप्त सर्टिफिकेट का अवलोकन कर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं अपर जिलाधिकारी सुनंदु सुधाकर ने पूरी टीम के अथक परिश्रम की प्रशंसा की एवं इस जनपद के लिए गौरव का क्षण बताया।

बुंदेलखंड के इस सूखा ग्रस्त इलाके में इस प्रकार की परियोजना अनूठी है एवं यहां की जनता को निर्बाध, सुलभ, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। परियोजना के अंतर्गत 3 इन्टेक वेल, 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 133 ओवर हेड टैंक का निर्माण अंतिम चरण में है। परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए आधुनिक मशीनरी, कुशल श्रमिक एवं जिन संसाधनों का इस्तेमाल किया गया, वह केवल हाई स्पीड परियोजना में ही दिखता है। निर्माण के इसी क्रम में सिलौटा मुस्तकील एवं चांदी बांगर परियोजना अंतर्गत, सिलौटा इन्टेक वेल पर 205 मीटर लम्बे अप्रोच ब्रिज का निर्माण प्रीकास्ट तकनीक का इस्तेमाल करते हुए केवल 60 दिनों में किया गया। साथ ही चांदी बांगर इन्टेक वेल के निर्माण में अति आधुनिक स्कूबा डाइविंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया जो की उत्तर प्रदेश में संचालित परियोजनाओं में इकलौता एवं उत्कृष्ट उदहारण है। इस परियोजना में जिले में 4500 किलोमीटर से अधिक लम्बी पाइपलाइन डाली गई है। इस कार्य में 5000 से अधिक श्रमिक, 400 से अधिक कुशल इंजीनियर एवं अत्याधुनिक मशीनों का इस्तेमाल किया गया जो कि इस प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। विभिन्न चुनौतियों से जूझ रही परियोजना के लिए पिछला 1 वर्ष वरदान लेकर आया। जब की अधिकतम मशीनरी मैनपॉवर डाल करके सर्वोच्च गति से काम को अन्य जनपदों के समानांतर लाकर खड़ा कर दिया गया है। जिसकी प्रशंसा प्रदेश से लेकर के दिल्ली तक पहले भी हो चुकी है। कुछ महीने पहले सीआईडीसी नीति आयोग द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र कुमार तिवारी ने सिलौटा मुस्तकिल एवं चांदीबगर परियोजना के लिए उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त करके जनपद का गौरव बढ़ाया। दिल्ली से प्राप्त हुए सर्टिफिकेट को अधिशासी अभियंता संजय गुप्ता, प्रॉजेक्ट हेड जितेंद्र कुमार तिवारी, टीपीआई परियोजना प्रबंधक अभय नारायण दीक्षित, जीबीपीआर के श्रीनिवास ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं एडीएम सुनंदू सुधाकरण तथा सीडीओ अमृत पाल कौर को प्रस्तुत किया।इन परियोजनाओं में 1.5 करोड़ सुरक्षित श्रमिक घंटे पूर्ण कर लिए गए हैं, जो कि खुद अपने आप में एक रिकॉर्ड है और ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल द्वारा प्रोजेक्ट को उनकी लिस्ट में चयनित किया गया है। प्रोजेक्ट के पास 20 किलोमीटर प्रतिदिन पाइप डालने का और 2000 से अधिक कनेक्शन करने का भी उल्लेखनीय रिकार्ड मौजूद है।



## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का धूमधाम से मनाया गया जन्म दिन

अखंड भारत संदेश

**राजापुर, चित्रकूट।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में महुवां गांव के शिवरहा बाबा तालाब के नाम से प्रसिद्ध स्थान में बने हनुमान मन्दिर में भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व भाजपा कार्यकताओं ने बजरंग बली की आचार्य बृजमोहन मिश्र ने वैदिक मन्त्रों द्वारा उनके जीवन के कल्याण व सुख समृद्धि की कामना के लिए विधिवत पूजा अर्चना कराया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व नोएडा से विधायक पंकज सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शिवशंकर सिंह व सैकड़ों क्षेत्रीय भाजपा कार्यकताओं ने उनके स्वस्थ्य जीवन व दीघार्यु की मंगल कामना के लिए गौरी-गणेश व बजरंग बली की विधिवत पूजा अर्चना व हवन यज्ञ किया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शिवशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। साथ ही प्रदेश भाजपा निरंतर मजबूत करने का प्रयास करते हैं। सबके सुख दुख में तत्पर रहते हैं। भाजपा कार्यकर्ता आलोक सिंह उर्फ गोलू ने उनके सफल जीवन की कामना करते हुए भण्डारे का आयोजन किया।

इस मौके पर राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, आलोक सिंह, पुष्पराज सिंह, समाज सेवी सुनील मिश्र, मंण्डल महामंत्री स्वयं प्रकाश मिश्र, हर्षवर्धन सिंह, सतीश चन्द्र मिश्र, शक्ति सिंह, कामेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन को लेकर तुलसी जन्मस्थली में हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**राजापुर, चित्रकूट।** केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन के लिए अनेकों प्रकार की योजनाएं शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित करने के लिए स्वच्छता जन जागृति दिवस मनाएं जाने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। नगर पंचायत राजापुर के सभागार में उप जिलाधिकारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष की मौजूदगी में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा एवं नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाने के लिए बृहद चचाएं की गई। उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा ने कहा कि नगर में स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए प्रोत्साहन समिति बनाया जाए। जिसमे सभासद के साथ मोहल्ले के समाजसेवी संगठनों के लोगों को जोड़ा जाए और प्रत्येक मोहल्ले की समिति में सफाई कर्मी को जोड़े जाने की बात कही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन से संचारी रोगों से निजात मिलती हैं। साथ ही मानव जीवन भी स्वस्थ रहता हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में सभासदों व मोहल्ले के तीन लोगों को सदस्य बनाया गया हैं। साथ ही उस समिति में एक सफाई कर्मी भी जोड़ा गया हैं, जो सभासदों के साथ समिति के निदेर्शानुसार कार्य करेंगे और प्रत्येक दिन नगर के 15 वार्डो की साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं नालियों की सफाई के लिए सर्वे टीम की रिपोर्ट के आधार पर अलग से सफाई कर्मचारियों को लगाकर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। शासन के मंशानुरूप हफ्ते में एक दिन स्वच्छता जन जागृति दिवस आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा, सभासद शंकरदयाल जयसवाल, ऊदल प्रसाद, गजराज प्रसाद, जितेंद्र सोनकर, तरुण कुमार शुक्ला, राजेश कुमार तिवारी, रामनारायण निषाद आदि मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय जिला विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब चित्रकूट द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने मां शारदा के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगायी गयी विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं बच्चों की तार्किक क्षमता एवं वैज्ञानिक सोंच की सराहना किया।

जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी ने कहा कि सभी बच्चों के अंदर कुछ अन्तर्निहित क्षमताएं होती हैं। जिनको इस प्रकार के आयोजनों से निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि आप जनपद में ही नही बल्कि प्रदेश स्तर पर भी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए जनपद को गौरवान्वित करने का कार्य करें। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष मिश्रा ने कहा कि आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में और तैयारी के साथ प्रतिभाग करें। आप सभी के अंदर प्रतिभाए हैं, बस उन्हें निखारने की आवयश्कता है। जिला समन्वयक जिला विज्ञान क्लब साकेत बिहारी शुक्ल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है ताकि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तार्किक क्षमता का विकास हो सके।




इस प्रतियोगिता में चित्रकूट इण्टर कॉलिज के छात्र हरवेश कुमार पाल को इलेक्ट्रॉनिक्स व्हीकल चार्जिंग सिस्टम का मॉडल प्रस्तुत करने पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिसे पुरुस्कार स्वरूप 5000 रूपए की नगद धनराशि, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय स्थान पर चित्रकूट इण्टर कॉलिज के छात्र सत्यम को 3000 रूपए की नगद धनराशि, स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र, तृतीय स्थान पर बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र प्रियांशु मिश्रा को 2000 रूपए की नगद धनराशि, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र व सांत्वना पुरुस्कार के रूप में 1000 रूपए की नगद धनराशि, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र अशोक पब्लिक स्कूल के छात्र सार्थक मिश्रा एवं राजकीय इण्टर कॉलिज बरगढ़ के छात्र राम रतन गुप्ता को प्रदान किया गया। इनके अलावा 10 अन्य छात्रों का चयन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया, जो अगले माह आयोजित होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे।

इस मौके पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर के प्रवक्ता सौरव चंद्र सविता, शिव प्रसाद, अनिल कुमार, प्रशांत कुमार वर्मा, डॉ रणवीर सिंह चौहान, विजय सोनी, आराधना सिंह, प्रियम्बादा जायसवाल, अनिल कुमार, नरेंद्र मिश्रा, अनुज श्रीवास्तव, लालमन आदि मौजूद रहे।

# विदेश संदेश

## वांग यी ने ईरानी विदेश मंत्री के साथ की फोन पर बात

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने 11 दिसंबर को ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान के साथ फोन वार्ता की। अब्दुल्लाहियन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के वर्तमान अध्यक्ष देश के रूप में गाजा में मानवीय युद्धविराम की प्राप्ति के लिए चीन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ईरान और सऊदी अरब के बीच मेल-मिलाप को बढ़ावा देने में योगदान के लिए चीन को धन्यवाद दिया और कहा कि ईरान चीन के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने और ईरान-चीन संबंधों के निरंतर विकास को बढ़ावा देने के लिए इच्छुक है।

वांग यी ने कहा कि चीन इस साल दोनों देशों के राष्ट्रपति के बीच पहुंची महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने, संचार तथा आपसी विश्वास को मजबूत करने, सहयोग का विस्तार करने, अंतरराष्ट्रीय एवं बहुपक्षीय अवसरों पर समन्वय और सहयोग करने, सच्चे बहुपक्षवाद का अभ्यास करते हुए दोनों देशों और बड़ी संख्या में विकासशील देशों के वैध अधिकारों व हितों के साथ अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय की रक्षा करने और चीन-ईरान संबंधों की स्थिरता और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ईरान के साथ काम करने को तैयार है।

इसके अलावा, दोनों पक्षों ने मुख्य रूप से गाजा की स्थिति पर विचार-विमर्श किया। अब्दुल्लाहियान ने कहा कि ईरान महिलाओं और बच्चों की हत्या का विरोध करता है और गाजा में तत्काल युद्धविराम और मानवीय राहत चैनल खोलने की वकालत करता है। संयुक्त राष्ट्र को फि लिस्तीन मुद्दे के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। ईरान चीन द्वारा प्रस्तावित वैश्विक सुरक्षा पहल का समर्थन करता है और उम्मीद है कि चीन गाजा में स्थिति को आसान बनाने, फिलिस्तीन मुद्दे को हल करने और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए अधिक सक्रिय रूप से प्रतिबद्ध होगा।

वांग यी ने कहा कि फि लिस्तीन-इजराइल संघर्ष के मुद्दे पर, चीन का रुख यह है कि जल्द से जल्द युद्ध खत्म हो, मानवीय राहत सुनिश्चित हो और "दो-राज्य समाधान" बहाल हो। चीन "दो-राज्य समाधान" पर लौटने के लिए स्थितियां बनाने और फिलिस्तीन मुद्दे को सही मायने में हल करने में भूमिका निभाने के लिए अरब और इस्लामी देशों के साथ संचार और समन्वय मजबूत करने का इच्छुक है।

## शी चिनफिंग की वियतनाम की राजकीय यात्रा शुरू




**बीजिंग।** सीपीसी केंद्रीय कमेटी के महासचिव और राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने मंगलवार को वियतनामी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी के महासचिव न्गुयेन फुट्रोंग, राष्ट्रपति वो वानथुओंग के निमंत्रण पर विशेष विमान से हनोई पहुंचकर वियतनाम की राजकीय यात्रा शुरू की।

वियतनामी प्रधान मंत्री फाम मिंहचिंह समेत कई वियतनामी नेताओं ने हनोई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शी चिनफिंग का जोशपूर्ण स्वागत किया। शी चिनफिंग ने लिखित भाषण देकर सीपीसी, चीन सरकार और चीनी जनता की ओर से वियतनामी कम्युनिस्ट पार्टी, सरकार और जनता का अभिवादन किया और शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि चीन और वियतनाम के बीच परंपरागत मित्रता का लंबा इतिहास है। चीन वियतनाम के साथ संबंध को पड़ोसी कूटनीति में प्राथमिकता देता है। मैं इस यात्रा से वियतनामी नेताओं के साथ दोनों पार्टियों और दोनों देशों के संबंधों में समग्र, रणनीतिक और दिशा संबंधी मुद्दों और समान चिंता वाले अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय सवालों पर रायों का गहन आदान-प्रदान कर द्विपक्षीय संबंध नये दौर में बढ़ाने की प्रतीक्षा करता हूं। हवाई अड्डे से होटल जाने के रास्ते पर बड़ी संख्या में लोगों ने दोनों देशों के झंडे फहराते हुए शी चिनफिंग की यात्रा का स्वागत किया।

## इजरायली बंधकों और लापता लोगों के परिवार फोरम ने आईडीएफ वारंट अधिकारी ज़िव दादो की हत्या पर शोक जताया

**तेल अवीव।** बंधकों और लापता व्यक्तियों के परिवार फोरम मुख्यालय ने मंगलवार को इजरायल रक्षा बल के वारंट अधिकारी ज़िव दादो की मौत पर शोक व्यक्त किया।

फोरम ने एक बयान में कहा, "हम दादो परिवार के गहरे दुख में शामिल हैं। 36 वर्षीय ज़िव दादो की हत्या की गई, हाल ही उनकी शादी स्टाव से हुई थी। ज़िव को दूसरों की मदद करना बहुत पसंद था, खासकर वंचित आबादी की।"

बयान में आगे कहा गया, "अपनी सैन्य सेवा के दौरान उन्हें उत्कृष्टता के प्रमाणपत्र प्राप्त हुए, उनके कमांडरों और वरिष्ठों ने उनसे प्यार किया। गोलानी ब्रिगेड के साथ रसद अधिकारी के रूप में, उन्होंने अपनी कमान के तहत सभी सैनिकों की मदद की, लोगों का मार्गदर्शन किया, स्वेच्छा से मदद की और सहायता की पेशकश की।"

# पाकिस्तान में आतंकी हमले में 25 सैनिकों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान में एक आतंकी घटनाओं में 25 जवानों की मौत हो गई है, वहीं सेना की मीडिया मामलों की शाखा ने तीन अलग-अलग मामलों में पिछले 24 घंटों के दौरान 27 आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है। सेना की मीडिया मामलों की शाखा ने मंगलवार को कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान में तीन अलग-अलग घटनाओं में पाकिस्तानी सेना के 25 सैनिक शहीद हो गए जबकि 27 आतंकवादी मारे गए। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, 11 और 12 दिसंबर की रात को जिले में "बढ़ी गतिविधियां" देखी गईं।

आईएसपीआर ने कहा कि तड़के छह आतंकवादियों के एक समूह ने दरबान जनरल इलाके में सुरक्षा बलों की एक जांच चौकी पर हमला किया। उनके हमले के प्रयास को प्रभावी ढंग से विफल करने के बाद आतंकवादियों को विस्फोटक से भरे वाहन को पोस्ट में घुसाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके बाद एक आत्मघाती बम हमला हुआ। जिसके चलते 23 सैनिक शहीद हो गए।



क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए खोजी अभियान चलाया जा रहा है। आईएसपीआर ने कहा, पाकिस्तान के सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं और हमारे बहादुर सैनिकों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबद्ध एक नए समूह तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने चेकपोस्ट पर हमले की जिम्मेदारी ली है। इसके प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने इस हमले को आत्मघाती मिशन (फिदायीन हमला) करार दिया। आधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सभी हमलावरों को मार गिराया जबकि पुलिस की नयी टुकड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और बाद में तलाशी अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने कहा कि मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि हमले में घायल कई लोगों की हालत गंभीर है। हमले के कारण जिले के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया जबकि सभी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए।

# ब्रिटेन की संसद में आप्रवासन बहस जीतने से ऋषि सुनक की स्थिति मजबूत

**लंदन।** ब्रिटेन के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की मजबूत स्थिति की पुष्टि करते हुए हाउस ऑफ कॉमन्स में सांसदों ने 269 के मुकाबले 313 वोटों से हाउस ऑफ कॉमन्स विधेयक की सेकेंड रीडिंग को मंजूरी दे दी, जिसका उद्देश्य ब्रिटेन में आने वाले रवांडा के शरणार्थियों को, जो ब्रिटिश सरकार के आकलन के अनुसार अयोग्य हैं, निर्वासित करना है।

सुनक ने कहाः "ब्रिटिश लोगों को यह तय करना चाहिए कि इस देश में कौन आएगा - न कि आपराधिक गिरोह या विदेशी अदालतों को। यह विधेयक यही बताता है।"



बड़ी संख्या में दक्षिणपंथी कंजर्वेटिव सांसदों का प्रतिनिधित्व करने वाले मार्क फ्रेंकोइस ने प्रेस को बताया कि थर्ड रीडिंग में संभवतः उनकी पार्टी विधेयक का समर्थन नहीं कर करेगी, जिसे नए साल में पेश किए जाने की उम्मीद है।

फिलहाल, उन्होंने इस आधार पर सुनक का विरोध करने से परहेज किया क्योंकि उन्होंने संकेत दिया था कि वह उन संशोधनों को स्वीकार करने के इच्छुक हैं जो विधेयक को कड़ा करेंगे।

सात घंटे की बहस उस दिन हुई जब दक्षिणी अंग्रेजी तट पर एक नौका पर आवेदन पर कार्रवाई का इंतजार कर रहे एक शरणार्थी के मृत पाए जाने की खबर आई।

द गार्जियन ने बताया कि "माना जाता है कि उसने आत्महत्या कर ली"। टाइम्स ने शीर्षक दिया 'बिब्बी स्टॉकहोम बार्ज पर "आत्महत्या" में प्रवासी की मौत'।

ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने यह कहकर बहस शुरू कीः "हम जो कार्रवाई कर रहे हैं, वह बिल्कुल नए तरीके से, जबकि बहुत हद तक सीमा से परे जाकर, अंतर्राष्ट्रीय कानून के ढांचे के भीतर हैं।"

उनके पूर्व उप-आव्रजन मंत्री - रॉबर्ट जेनरिक, जिन्हें विधेयक को संचालित करने का काम सौंपा गया था, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह इस आधार पर इस्तीफा दे दिया कि यह शब्द शरण चाहने वालों को रवांडा में निर्वासित करने की गारंटी देने के लिए पर्याप्त नहीं थे, ने क्लेवरली का खंडन किया।

उन्होंने कहा, "यह लोगों को निर्वासन आदेशों के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से अपील करने से नहीं रोक सकेगा।"

उन्होंने कहाः "अदालतें मे वादों की भरमार दो जाएगी, और हिरासत सुविधाएं भर जाएंगी। लोगों को रिहा करना होगा, और वे गायब हो जाएंगे।"

विपक्षी लेबर पार्टी के शैडो गृह मंत्री यवेटे कूपर ने बतायाः "हमने एक गृह मंत्री (सुएला ब्रेवरमैन) को बर्खास्त कर दिया है, एक आव्रजन मंत्री (जेनरिक) ने इस्तीफा दे दिया है, और उन्होंने (कंजर्वेटिव सरकार ने) करदाताओं के लगभग 30 करोड़ पाउंड (लगभग 30,000 करोड़ रुपये) खर्च किए हैं, बिना एक भी व्यक्ति को रवांडा भेजे।

## हूती विद्रोहियों ने व्यवसायिक जहाज पर क्रूज मिसाइल से किया हमला

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने दावा किया है कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने क्रूज मिसाइलों से व्यासायिक जहाज पर हमला किया है। हूती विद्रोहियों ने ये मिसाइलें यमन से प्रक्षेपित किया। जानकारी के अनुसार, इस हमले से व्यवसायिक टैंकर जहाज पर आग लग गई। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि क्रूज मिसाइलों से ये हमला बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास उत्तर में किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस हमले के बाद अमेरिकी नौसेना का जहाज मौके पर पहुंचा गया और कॉमर्शियल जहाज पर मौजूद लोगों की मदद कर रहा है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जिस जहाज को हूती विद्रोहियों ने निशाना बनाया है। उसका इजरायल से कोई संबंध था या नहीं। दरअसल, इजराइल-हमास युद्ध के बीच ईरान समर्थित हूती विद्रोही संगठन अंतरराष्ट्रीय जहाजों को लगातार निशाना बना रहा है। हूती विद्रोही संगठन ने कहा कि वे इजराइल जाने वाले सभी जहाजों को उनकी राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना निशाना बनाएगा। हूती विद्रोही संगठन ने सभी अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों को इजरायली बंदरगाहों पर जाने को लेकर सख्त चेतावनी दी है।

## चीन और वियतनाम रणनीतिक महत्व के साझा भविष्य वाले समुदाय के निर्माण को बढ़ावा देंगे



**बीजिंग।** वियतनाम की अपनी राजकीय यात्रा की पूर्व संध्या पर, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के अखबार पीपुल्स डेली में "साझा भविष्य वाले चीन-वियतनाम समुदाय का निर्माण करें और एक साथ आधुनिकीकरण की दिशा में एक नया अध्याय खोलें" शीर्षक एक लेख प्रकाशित किया।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और देश के शीर्ष नेता के रूप में यह शी चिनफिंग की वियतनाम की तीसरी राजकीय यात्रा है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष चीन और वियतनाम के बीच व्यापक रणनीतिक सहकारी साझेदारी की स्थापना की 15वीं वर्षगांठ है। वियतनाम और चीन "कामरेडों और भाइयों" की गहरी दोस्ती साझा करते हैं। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और सरकार हमेशा चीन-वियतनाम संबंधों के विकास को चीन की परिधीय कूटनीति में प्राथमिकता के रूप में मानती है।

शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और वियतनाम को उच्च स्तरीय रणनीतिक संचार बनाए रखना चाहिए, मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान को मजबूत करना चाहिए, समुद्री मतभेदों को ठीक से सुलझाना चाहिए और संयुक्त रूप से दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य समाधान ढूंढना चाहिए।

चीन अपने पड़ोसियों के साथ अच्छा होने, उनके साथ साझेदारी करने और उनके साथ समृद्ध और सुरक्षित होने के सिद्धांतों का पालन करेगा, ताकि चीनी शैली के आधुनिकीकरण से उसके पड़ोसियों को अधिक लाभ हो, संयुक्त रूप से एशिया में आधुनिकीकरण प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा सके और वियतनाम सहित एशियाई देशों के लिए विकास के नए अवसर प्रदान किए जा सकें।

# वेस्ट बैंक के जेनिन पर इजरायली ड्रोन हमले में चार फिलिस्तीनी मारे गए

**जेनिन।** वेस्ट बैंक के जेनिन शहर पर इजरायली ड्रोन हमले में कम से कम चार फिलिस्तीनी मारे गए हैं। एक चिकित्सा सूत्र ने यह जानकारी दी।

जेनिन सरकारी अस्पताल के निदेशक विसम बेकर ने मंगलवार को बताया कि तीन पीड़ितों के शव अस्पताल भेज दिए गए, जबकि चौथे के शव को जेनिन के दक्षिण स्थित कबातिया शहर के एक चिकित्सा केंद्र में भेज दिया गया। उनमें से सभी युवा थे।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इजरायली बलों ने मंगलवार को जेनिन शहर और उसके शरणार्थी शिविर पर छापा मारा, एक सैन्य अभियान चलाया जो कई घंटों तक चला, और पुराने शहर के अंदर युवाओं के एक समूह पर बमबारी करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि इजरायली बलों ने शरणार्थी शिविर से दर्जनों युवाओं को गिरफ्तार किया है।

शरणार्थी शिविर और जेनिन के पड़ोस में फिलिस्तीनी आतंकवादियों और इजरायली बलों के बीच विस्फोट और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। सूत्रों ने बताया कि इजरायली बलों ने शिविर और उसके आसपास की सड़कों और बुनियादी ढांचे को भी ढहा दिया।

इजरायली सेना ने कहा कि उसके सैनिक गोलीबारी और विस्फोटक फेंकने से पहले जेनिन में इमारतों का सर्वेक्षण कर रहे थे, लेकिन तभी फि लिस्तीनी उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में इजरायली सैनिकों ने उन्हें निशाना बनाया।

फि लिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 7 अक्टूबर को इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से, वेस्ट बैंक में कुल 279 फि लिस्तीनी मारे गए हैं।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव पारित, भारत समेत 153 देशों ने पक्ष में किया मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की आपात बैठक में गाजा में तत्काल युद्ध विराम प्रस्ताव पारित हो गया। भारत समेत 153 देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया। 10 सदस्यों ने इसका विरोध किया। 23 सदस्य इस प्रक्रिया से अनुपस्थित रहे। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा ने अपने एक्स हैंडल और वेबसाइट पर साझा की है।

संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा के अनुसार, इसमें तत्काल मानवीय युद्ध विराम, सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग की गई। प्रस्ताव में महासभा की मांग को भी दोहराया गया कि सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करें। इसमें अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून भी शामिल है। यह कानून विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में है। प्रस्ताव से पहले फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास का विशिष्ट संदर्भ देने वाले दो संशोधनों के पक्ष में सदस्य देशों ने मतदान किया। यूएनजीए चीफ फ्रांसिस ने कहा कि गाजा में नागरिकों पर हमले हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय और मानवीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन हुआ है। फ्रांसिस ने गाजा में तत्काल युद्ध विराम के लिए समर्थन जताया है। संघर्ष विराम का प्रस्ताव मिस्र के राजदूत अब्देल खालेक महमूद ने पेश किया। युद्ध विराम प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वाले देशों में अमेरिका, ऑस्ट्रिया, चेक रिपब्लिक, ग्वाटेमाला, इस्राइल, लाइबेरिया, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पापुआ न्यू गिनी और परागुआ शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। महासभा में जिस स्थिति पर विचार-विमर्श किया जा रहा है, उसके कई आयाम हैं। सात अक्तूबर को इजराइल पर आतंकवादी हमला हुआ और कई लोगों को बंधक बनाया गया, जो चिंता की बात है। गाजा में बड़ा मानवीय संकट पैदा हुआ है। बड़े पैमाने पर नागरिकों की जान गई है। सभी परिस्थितियों में अंतरराराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का मुद्दा है। भारत वर्तमान में क्षेत्र के सामने मौजूद कई चुनौतियों के समाधान के लिए साझा प्रयास में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की एकता का स्वागत करता है।




संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी दूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिका युद्ध विराम प्रस्ताव से सहमत नहीं है। अमेरिकी दूत ने युद्ध के लिए सीधे तौर पर हमास को दोषी ठहराया। इजराइल के राजदूत गिलाद अर्दान ने प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा है कि युद्ध रोकने से केवल हमास को फायदा होगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।